



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल


■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 268

ग्वालियर, शुक्रवार 17 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## साहूकार ने कर्ज 3.5 लाख को ब्याज लगाकर बना दिया 2 करोड़! किसान ने दी जान

### पुलिस के अनुसार घटना नदौती थाना इलाके के सोप गांव की

**करौली।** करौली जिले के नादौती इलाके में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान के परिजनों का आरोप है कि उसने साहूकार से 10-12 साल पहले साढ़े तीन लाख रुपए कर्ज लिया था। लगातार कर्ज की किस्तें चुकाते रहने के बावजूद साहूकार ने उस पर अपनी मनमर्जी का चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर कर्ज की इस राशि को दो करोड़ रुपए कर दिया। इससे तंग आकर उसने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किसान के शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपर्द कर दिया है। उसके बाद गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना नदौती थाना इलाके के सोप गांव की है। किसान कमलराम मीणा ने बुधवार को अपने घर के पास स्थित खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव बबूल के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। इसकी सूचना से कमलराम के परिवार में कोहराम मच गया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। फिर शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। किसान कमलराम मीणा के पुत्र हरिचरण ने बताया कि उसके पिता ने



10-12 वर्ष साल पहले भरोसीलाल मीना ऑपरेटर से 3.5 लाख रुपये का कर्ज लिया था। उसके बाद किस्तों में काफी कर्ज चुका दिया था। खेतों में जो भी फसल पैदा होती थी वे उसे देते रहे। हरिचरण का आरोप है की भरोसीलाल ने मनगढ़ंत तरीके से ब्याज दर ब्याज लगाकर उसे दो करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया. वह कर्ज चुकाने के लिए उसके पिता को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। पिछले दिनों भी भरोसीलाल ने उनके घर आकर पिता को भद्दी गालियां दी। कर्ज चुकता करने के लिए उसके पिता अपनी 18 बीघा जमीन उसके नाम करने को भी तैयार थे। हरिचरण का आरोप है कि साहूकार पूरी 30 बीघा जमीन और उनका घर लेना चाहता था। उसने पूरी जमीन अपने नाम करवाने के लिये उसके पिता पर दबाव डाला। इससे तंग आकर उसके पिता ने आत्महत्या कर ली. मृतक किसान के परिजनों ने साहूकार भरोसीलाल और उसके दो साथियों हेमराज व हरकेश के खिलाफ नादौती पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हेमराज और हरकेश पर बलपूर्वक किसान का खेत जोतने का आरोप है। किसान कमलराम मीणा ग्रामीण गायन मंडलियों में गायक का भी काम करता था । स्थानीय भाषा में उसे मेडिया कहते हैं। किसान के दो लड़के और दो लड़की हैं। उसका एक बेटा रेलवे में नौकरी करता है। वहीं दूसरा मजदूरी करता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## दो दिवसीय यात्रा पर धर्मशाला पहुंचे पीएम मोदी, किया रोड शो

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरवार को दो दिवसीय यात्रा पर धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान वह मुख्य सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता भी करने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने सुबह धर्मशाला



पहुंचने के बाद रोड शो किया। गुरुवार के दिन में उनका सम्मेलन की अध्यक्षता करने का कार्यक्रम है। सम्मेलन में केंद्रीय आवास और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल होने वाले हैं। पारंपरिक वेषभूषा पहने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों के सदस्यों ने रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के स्वागत में अपने वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुति दी। खुली जीप में सवार प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के करीब 200 विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में शहरी शासन, फसल विविधीकरण और कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भरता के अलावा नई शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन पर भी चर्चा होगी।

## सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए लॉरेंस बिश्नोई ने की थी खतरनाक योजना

**नई दिल्ली।** सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए लॉरेंस बिश्नोई ने ऐसी योजना बनाई जो किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। इतना ही नहीं योजना ऐसी की कोई भी जांच एजेंसी चकमा खा जाए। सिद्धू की हत्या के लिए योजना के तहत बिश्नोई ने अपने भाई अनमोल बिश्नोई को देश से फरार करवाया। लॉरेंस ने कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ की मदद से अपने भाई अनमोल को भारत से बाहर यूरोप में शिफ्ट करवाया। लॉरेंस का भाई अनमोल फिलहाल यूरोप में है। सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश जेल में बैठे लॉरेंस ने कनाडा में



बैठे गोल्डी बराड़ से फोन पर बातचीत करके रची थी। सिद्धू की हत्या की फूल प्रूफ प्लानिंग होने के बाद सबसे पहले लॉरेंस बिश्नोई ने जेल से छूटे अपने भाई अनमोल को गोल्डी बराड़ की मदद से भारत से फरार करवा कर यूरोप में कहीं शिफ्ट करवा दिया। इतना ही नहीं लॉरेंस ने अपने भांजे सचिन बिश्नोई को भी भारत से गोल्डी बराड़ की मदद से फरार करवाया। सचिन फिलहाल देश के बाहर किसी दूसरे देश में बैठा हुआ है। लॉरेंस का भाई अनमोल और भांजा सचिन जैसे ही देश से फरार हुए दोनों गोल्डी बराड़ के साथ जुड़े और प्लानिंग हुई।

## केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड में विरोध, आंदोलकारियों ने ट्रेन फूंकी

### जहानाबाद, बक्सर, आरा में छात्रों का जबरदस्त हंगामा, सड़क को भी किया जाम

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सेना से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड में जोरदार विरोध प्रदर्शन जारी है। बिहार में तो प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन में आग के हवाले कर दिया वहीं, आरा स्टेशन पर पथराव किया। यहां पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। हरियाणा के पलवल में प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दिया है। उत्तराखंड में भी छात्र प्रदर्शन करने सड़क पर उतर गए। युवा इस योजना को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने बुधवार को अग्निपथ योजना को लॉन्च किया है। बिहार में आज लगातार दूसरे दिन बिहार में अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बिहार के जहानाबाद, बक्सर, आरा में छात्रों ने



जबरदस्त तरीके से हंगामा मचाया है। इसके अलावा कई जगह छात्रों ने सड़क को भी जाम कर दिया है और आगजनी भी हुई है। बिहार के मुजफ्फरपुर और गया में भी विरोध हुआ है। बक्सर जिले में छात्रों ने रेल यातायात और सड़क ट्रैफिक को भी बाधित किया है। कल भी छात्रों की ओर से ट्रेनों पर पत्थर फेंके गए थे। बिहार के अलग-अलग जिलों में इस को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। मुजफ्फरपुर शहर में बड़ी संख्या में सेना में भर्ती के अकांक्षी उम्मीदवारों ने चक्कर मैदान, जहां वे बड़ी संख्या में शारीरिक परीक्षण के लिए आते हैं जो जवानों की भर्ती के लिए अनिवार्य हैं, के चारों ओर सड़कों पर टायर जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे सशस्त्र बलों के लिए आवश्यक शारीरिक परीक्षण उत्तीर्ण कर चुके हैं, लेकिन पिछले दो साल से कोई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने सेना में भर्ती की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। महीनों के प्रशिक्षण और छुट्टियों के साथ 4 साल की सेवा कैसे होगी? हम सिर्फ 3 साल के लिए प्रशिक्षित होने के बाद देश की रक्षा कैसे करेंगे? सरकार को इस योजना को वापस लेना होगा।

एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि केवल 4 साल काम करने के बाद हम कहां जाएंगे? 4 साल की सेवा के बाद हम बेघर हो जाएंगे। इसलिए हमने सड़कों को जाम कर दिया है, देश के नेताओं को अब पता चल जाएगा कि लोग जागरूक हैं। मुंगेर में भी कई युवाओं ने इसके लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट किया, 'अगर देश के सबसे बड़े नियोक्ताओं भारतीय रेलवे व सेना में भी नौकरियां ठेके एवं प्रशासनिक सेवा में 'लेटरल एंट्री' के नाम पर दी जाने लगेंगी तो युवा क्या करेंगे।' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, 'क्या युवा पढ़ाई और चार वर्षों की संविदा नौकरी भविष्य में भाजपा के पूंजीपति मित्रों के व्यावसायिक ठिकानों की रखवाली के लिए करेंगे'।

## अग्निपथ योजना विरोध- राहुल गांधी बोले, पीएम महोदय बेरोजगारों के संयम की अग्निपरीक्षा मत लीजिए



**नई दिल्ली।** सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की नई योजना अग्निपथ को लेकर युवा काफी आक्रोशित है। देश भर में इसे लेकर युवाओं में गुस्सा है। छात्रों ने गुस्से में कई जगह ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया तो वहीं कई जगह पथराव की खबरें भी सामने आईं। अब इस विरोध में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी कूद पड़े हैं। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी, बेरोजगार युवाओं के संयम की अग्निपरीक्षा मत लीजिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना में सैनिकों की भर्ती के लिए केंद्र सरकार की नई अग्निपथ योजना को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें बेरोजगार युवाओं की आवाज सुननी चाहिए और उनके संयम की अग्निपरीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, ''न कोई रैंक, न कोई पेंशन, न 2 साल से कोई सीधी भर्ती, न 4 साल के बाद स्थिर भविष्य, न सरकार का सेना के प्रति सम्मान। देश के बेरोज़गार युवाओं की आवाज़ सुनिए, इन्हें %अग्निपथ% पर चला कर इनके संयम की %अग्निपरीक्षा% मत लीजिए, प्रधानमंत्री जी।'' सेना की अग्निपथ स्कीम का देश के कुछ हिस्सों में विरोध भी शुरू हो गया। बिहार, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में इस योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। पलवल में फौज भर्ती के नए कानून का विरोध करते हुए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया है। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने डीसी आवास का रास्ता रोक दिया है। इसके अलावा कई जगह तोड़फोड़ करे हुए रेलिंग उखाड़ दी है। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए इलाके में पुलिसबल को तैनात किया गया है। बिहार में छपरा और आरा में जोरदार विरोध के बाद गोपालगंज में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन की एक बोगी में आग लगा दिया।

## खास खबर

### महाराष्ट्र के बीड में नुपुर शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र की बीड पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व नेता नुपुर शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नुपुर के खिलाफ इस संबंध मे पहले से ही मुंबई, ठाणे और महाराष्ट्र के कुछ अन्य थानों में मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि एक वकील सैय्यद अजीम ने बीड पुलिस से शिकायत की थी कि टीवी पर बहस के दौरान शर्मा की टिप्पणी से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर बीड पुलिस ने बुधवार को नुपुर शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए और 505(2) के तहत मामला दर्ज किया। भाजपा ने विवाद बढ़ने और बयान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना होने के बाद अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

### फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेता कीव पहुंचे

**पेरिस।** फ्रांसिसी राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी करके बताया कि उनके राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली के मारियो ड्रैगी यूक्रेन के शहर कीव पहुंचे। तीनों देशों के इस कदम को यूक्रेन को समर्थन देने के प्रति एकजुटता के रूप में दखा जा रहा है। यूरोपीय नेता यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात करने वाले हैं, क्योंकि वह अगले सप्ताह ब्रसेल्स में एक प्रमुख यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन और मैड्रिड में 29-30 जून को नाटो शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। फ्रांस वर्तमान में यूरोपीय संघ की अध्यक्षता करता है। यूक्रेन के पड़ोसी देश रोमानिया और मोल्दोवा की यात्रा के दौरान मैक्रों ने कहा था कि यूरोपीय संघ के राष्ट्र अध्यक्षों और सरकार को उनकी ब्रसेल्स बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले यूक्रेन को समर्थन का संदेश भेजा जाना चाहिए। नेताओं को यूरोपीय संघ का सदस्य बनाने के यूक्रेन के अनुरोध पर विचार करना है। मैक्रों ने कहा था कि, हम एक ऐसे क्षण में हैं जहां हमें- यूरोप के लोगों, यूरोपीय संघ, यूक्रेन और यूक्रेन के लोगों को एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत भेजने की आवश्यकता है। मैक्रों यूक्रेन में संघर्ष विराम के लिए कूटनीतिक प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो भविष्य में शांति वार्ता की अनुमति देगा। उन्होंने जेलेंस्की के साथ लगातार इस बारे में चर्चा की है। फरवरी के अंत में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के बाद से मैक्रों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ कई बार टेलीफोन पर बात की है।

### अपनी नाकामी छिपाने के लिए मोदी सरकार देश में सांप्रदायिक उन्माद पैदा कर रही : अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व सीएम डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने लोगों से एकजुट हो जम्मू कश्मीर की समक्ष चुनौतियों का मुकाबला करने की अपील की। उन्होंने जम्मू कश्मीर में पांच अगस्त 2019 से पूर्व की संवैधानिक बहाली के लिए नेकां के संघर्ष को जारी रखने की संकल्पबद्धता को भी दोहराया। नेशनल कांफ्रेंस के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर डॉ.अब्दुल्ला ने कहा कि जब तक जम्मू कश्मीर में सभी वर्गों के लोग आपस में एकजुट नहीं होते, तब तक कुछ हासिल नहीं होगा। हमें खुद को हिंदू-मुस्लिम, शिया-सुन्नी, बरेली-देवबंदी, कश्मीरी-डोगरा के दायरे से बाहर निकलकर देखना चाहिए। हमें दूसरों को अपने बराबर मानना होगा और मिलकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे, अपनी पहचान को वापस प्राप्त कर पाएंगे, अन्यथा नहीं। उन्होंने कहा समाज में गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन के नाम पर जो समस्याएं पैदा हुई हैं, उन्हें हल करने का मूलमंत्र विविधिता में एकता की भावना ही है। हमारी आपसी समझ, एक दूसरे के प्रति सहयोग और सद्भाव की भावना ही हमें इस काले दौर से बाहर ले जाएगी।

## जून में पेट्रोल और डीजल की खपत बढ़ी, अर्थव्यवस्था ने पकड़ी तेज गति



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव?यवस?था जैसे-जैसे कोरोना के असर से बाहर निकल रही है, ईंधन की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। जून के पहले पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की खपत पिछले साल से करीब डेढ़ गुना बढ़ चुकी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, 1 से 14 जून तक देश में कुल 34 लाख टन डीजल की खपत हुई है, जो पिछले साल की समान अवधि से 47.8 फीसदी और मई महीने की समान अवधि से 12 फीसदी ज्यादा है। इसी तरह, पेट्रोल की खपत भी जून के पहले पखवाड़े में 12.8 लाख टन रही जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 54.2 फीसदी ज्यादा है। मंत्रालय ने यह आंकड़ा उन खबरों के बाद जारी किया है जिसमें कहा गया है कि देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत चल रही। ईंधन की इस बढ़ती खपत का भारतीय अर्थव्यवस्था और उद्योगों पर क्या असर पड़ेगा, इस लेकर विशेषज्ञों की राय ली गई।

जाने-माने अर्थशास्त्री का कहना है कि डीजल की बिक्री में अचानक हुई वृद्धि का सबसे बड़ा कारण खेती-किसानी की गतिविधियों में तेजी आना है। ग्रामीण क्षेत्रों में खरीफ की फसलों की बुवाई अब शुरू हो गई है। किसानों को बस बारिश का इंतजार है और धान की फसल के लिए खेत तैयार किए जा रहे। किसान अभी खेतों की सिंचाई के लिए डीजल का इस्तेमाल करने के साथ जुताई के लिए ट्रैक्टर में भी डीजल की खपत कर रहे हैं। देश में अगर डीजल की खपत अचानक बढ़ गई है तो इसका सीधा मतलब है कि कृषि गतिविधियां अपने जोरों पर हैं। ईंधन की खपत बढ़ने का अर्थव्यवस्था पर हमेशा पॉजिटिव असर पड़ता है। इससे इसबात के संकेत मिलते हैं कि औद्योगिक गतिविधियां भी अब सामान्य हो रहीं जिनमें ईंधन की मांग बढ़ रही है। डीजल का दूसरा सबसे ज्यादा उपयोग माल ढुलाई में होता है। अगर इसकी खपत बढ़ी है, तब हम कह सकते हैं कि देश में उत्पादों की आपूर्ति और माल ढुलाई में भी तेजी आई है। डीजल की खपत बढ़ने से माल ढुलाई में तेजी आने के संकेत मिलते हैं। इसका असर सड़क परिवहन के रूप में ट्रकों में डीजल के ज्यादा इस्तेमाल के साथ रेलवे की मालगाड़ियों पर भी दिखता है। अगर माल की ढुलाई ज्यादा हो रही है,तब इसका सीधा मतलब है कि फैक्ट्री का उत्पादन भी बढ़ा है। यानी औद्योगिक गतिविधियों में भी अब तेजी आ रही है।

## मोदी सरकार ने की वादाखिलाफी, बड़े आंदोलन की तैयारी में किसान : टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसान बड़े आंदोलन को तैयार रहे, सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान जो वादे किए वे वादे सरकार पूरे नहीं कर रही है। सरकार की गलत नीतियों के चलते देश गरीबी और मजदूरों की बड़ी कालोनी बनता जा रहा है। बुलडोजर की कार्रवाई एक पक्षीय नहीं होनी चाहिए, सरकार विचार करे कि दंगे के हालात क्यों पैदा हुए? उत्तराखंड के हरिद्वार में किसान महापंचायत होगी।

टिकैत ने कहा कि चुनाव से पूर्व सरकार ने किसानों से अनेक वादे किए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है। किसानों को समय से गन्ना भुगतान नहीं हो रहा। मुफ्त बिजली दिए जाने का वायदा हवा-हवाई साबित हो रहा। बिजली समस्या विकराल रूप धारण ले कर



रही है। किसानों के नलकूपों पर मीटर लगाए जा रहे हैं, जिसका भारतीय किसान यूनियन विरोध करेगी। इन मुद्दों को लेकर 16 से 18 जून को हरिद्वार में किसान पंचायत होगी, जिसमें देश के सभी राज्यों से किसान नेता आएंगे। टिकैत ने कहा कि बिजली की समस्या पर भाकियू मेरठ में 27 जून को पावर कारपोरेशन के एमडी कार्यालय पर पंचायत करेगी। टिकैत ने कहा कि किसानों की फसल सस्ते में लूटी जा रही हैं, एमएसपी बढ़ाने का सरकार का मैकेनिज्म ठीक नहीं है। टिकैत ने कहा कि आठ साल में देश में 16 करोड़ युवा बेरोजगार हो चुके हैं।मानीनय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि प्रतिवर्ष देश में दो करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा, लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा है। आरोप लगाया कि देश में केवल वोट के लिए काम हो रहा है। टिकैत ने कहा कि कुछ जगहों पर बुलडोजर भेदभाव से चल रहा है। सरकार को विकास का माडल तैयार करना चाहिए और शिक्षा पर काम हो। उन्होंने कहा कि देश के हालात अजीब बनते जा रहे हैं। देश आने वाले समय में मजदूर और गरीबो कालोनी बन जाएगा। जहां बड़ी-बड़ी कंपनियां देश में आएगी, वहीं खेती करेंगी और फैक्ट्री लगाएंगी।

## गांव में एक साथ जली तीन चिंताए, किसी को 8 साल के बच्चे ने, किसी को 80 साल की दादी ने दी मुखाग्नि

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले से मर्माहत करने वाली खबर आई है। उत?तर प्रदेश के कुशीनगर में हुए बस हादसे में जिले के 3 मजदूरों की जान चली गई थी। हादसे में मारे गए लोगों के शव जब उनके पैतृक गांव पहुंचा तब हर तरफ मातमी सन्?नाटा पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया. जब गांव में एक साथ 3 चिताएं सजीं तब हर किसी की आंखें नम हो गईं। किसी मृतक को उनके 8 साल के बेटे ने मुखाग्नि दी, तब किसी का उनकी दादी ने अंतिम संस?कार किया। इस मौके पर वहां मौजूद ग्रामीण रो पड़े। गांव से एक साथ 3 अर्थियां उठीं, तब हर कोई सदमे और दुख में था। मधेपुरा के सदर प्रखंड के हसनपुर बराही गांव में यूपी के कुशीनगर बस हादसे के शिकार मजदूरों का शव पहुंचा था। शव के पहुंचते ही हर तरफ चीख-पुकार मच गई। बच्चे, बुजुर्ग, महिला-पुरुष सभी दहाड़ें मार कर रोने लगे। हर गांव वाले की आंखें नम थीं। गांव में एक साथ 3-3 चिताएं सजीं। किसी को उनका 8 साल का बेटा मुखाग्नि दे रहा था, तब किन?हीं का 80 साल की दादी अंतिम संस?कार कर रही थीं. बस हादस में मारे गए सुशील सादा (35) की पत्नी दया देवी बार-बार बेहोश हो रही थीं। उनकी 12 साल की बड़ी बेटी आशा अपने छोटे भाई बालकृष्ण, बहन शालू और बालमुकुंद को संभालने में लगी थी। मृतक पुरण के घर के हालात और भी खराब थे। पिता चन्द्रकिशोर और भाई अंदू घायल हैं और पूरण की मां पुनिया देवी होश में नहीं हैं। उनकी बहन चीख-चीख कर रो रही थीं। जिस जगह चिता सजी थी, वहां का नजारा विचलित कर देने वाला था। दादी कौशल?या देवी ने अपने जवान पोते पुरण (21 वर्षीय) को मुखाग्नि दी। हृदय को उनका छोटा बेटा धर्मेंद्र (10 वर्ष) ने मुखाग्नि दी, तब सुशील का अंतिम संस?कार उनके बड़े बेटे बालकृष्ण (8) ने किया। विचलित करने देने वाले इस दृ?य को जिसने भी देखा, वह खुद पर काबू नहीं रख सका, हर किसी की आंखें नम थीं।

न्यूज़ ट्रैक....

## दक्षिण अफ्रीकी टीम में नहीं होगा बदलाव : बावुमा

**विशाखापट्टनम** । दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के खिलाफ होने वाले चौथे टी20 क्रिकेट मुकाबले के लिए कोई बदलाव नहीं करेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा है कि केवल एक मैच में मिली हार के बाद अपनी रणनीति में बदलाव करने का सवाल ही नहीं उठता है। पहले दो मैच जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम को तीसरे टी20 मैच में भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था हालांकि पहले दो मैच में उसे जीत मिली है। तीसरी टी20 को लेकर बावुमा ने कहा, 'पहले दो ओवर में हम हमेशा गेंद समझते हैं और फिर पारी में लय लाने का प्रयास करते हैं, फिर अपने बड़े खिलाड़ियों के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करते हैं।' यही रणनीति हमारे लिये कारगर रही है और केवल एक हार के बाद इसे बदलना कहीं से भी सही नहीं कहा जा सकता। बावुमा ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारतीय स्पिनरों ने तीसरे मैच में हमारे बल्लेबाजों पर दबाव बना दिया था। जिससे वह बाहर नहीं आ पाये। हालातों को अपने पक्ष में करने के लिये उनके स्पिनरों को श्रेय देना ही होगा। ' उन्होंने कहा, 'भारतीय गेंदबाजों ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, उनके कप्तान ने मैच के शुरू में ही स्पिनरों को लगा दिया और मुझे लगता है कि इससे बड़ा अंतर आया। हमने बाद में स्पिन आक्रमण लगाया और यहीं हमसे भूल हुई। बल्लेबाजी में हम कोई साझेदारी नहीं बना सके जिससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। इस मैच में हमारे गेंदबाजों के अलावा बल्लेबाज भी नाकाम रहे'

## मिताली से मिली सहायता :यास्तिका

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने पूर्व कप्तान मिताली राज के बारे में कहा है कि उन्होंने मेरी काफी सहायता की थी। 21 वर्षीय यास्तिका ने साल 2021 में मिताली की कप्तानी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। यास्तिका ने कहा कि मिताली की सलाह और मार्गदर्शन से ही मेरा करियर आगे बढ़ा। मिताली ने इस माह खेल को अलविदा कह दिया था। यास्तिका ने कहा, ' मिताली मुझे प्रधानमंत्री कहकर बुलाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि मैं टीम बैठक में बहुत बात करती हूं और अपनी राय रखती हूं। मैं मिताली से उनके सोचने की प्रक्रिया और खेल के बारे में बहुत सवाल करती हूं। जब हम कॉफी पीने के लिए जाते हैं तब भी मैं बहुत बोलती हूं। हम दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग है।' यास्तिका ने 13 वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेले हैं। यास्तिका ने इस वर्ष न्यूजीलैंड में आयोजित विश्व कप में भी भाग लिया था। यास्तिका ने कहा कि जब मैंने इंडिया के लिए डेब्यू किया, उस समय मिताली ही टीम की कप्तान थीं। तब उन्होंने मेरी काफी मदद की। उनके संन्यास के फैसले से मैं दुखी हूं।

## प्रमुख ऑलराउंडर बनेंगे सुंदर : शास्त्री

**मुंबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि युवा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर आने वाले समय में तीनों प्रारुपों में भारतीय टीम से खेलेंगे। सुंदर ने शास्त्री के कोच रहते ही टेस्ट पदार्पण किया था। इस क्रिकेटर ने गत वर्ष हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अच्छा प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, सुंदर भविष्य में भारत के प्रमुख ऑलराउंडर बनेंगे क्योंकि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय टीम के पास ऑलराउंडर के तौर पर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल हैं लेकिन आने वाले समय में सुंदर सक्षम होने के कारण तीनों प्रारुप खेल पायेंगे।



फिलीपींस में एफआईवीबी वॉलीबॉल नेशंस लीग में खेलती हुई चीन की ग्योंग जियांगू व अन्य खिलाड़ी।

# आईपीएल प्रसारण अधिकार 48390 करोड़ में बिके

### वायकॉम18 को डिजिटल , स्टार इंडिया को टीवी प्रसारण अधिकार

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) के अगले 5 साल के लिए प्रसारण (टीवी और डिजिटल मीडिया) अधिकार 48390 करोड़ में बिके हैं। आईपीएल प्रसारण के लिए ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें साल 2023 से 2027 तक के लिए प्रसारण अधिकार दिये गये हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह के मुताबिक, वायकॉम18 को 23,758 करोड़ रुपए के साथ डिजिटल प्रसारण अधिकार मिले हैं। वहीं स्टार इंडिया को 23,575 करोड़ रुपए में टीवी अधिकार दिए गए हैं। गौरतलब है कि स्टार ने पिछली बार टीवी और डिजिटल दोनो ही अधिकार 16,348 करो? में खरीदे थे। इस बार यह तीन गुना से ज्यादा बढ़े हैं। जय शाह ने कहा कि मीडिया अधिकार से बीसीसीआई को कुल 48 हजार 390 करो? रुपए से भी ज्यादा की आय होगी। बीसीसीआई ने इस बार 4 अलग-अलग वर्गों में प्रसारण अधिकारों के लिए रविवार से बोली शुरू की थी। इसके पहले पैकेज में भारतीय उपमहाद्वीप के टीवी अधिकार शामिल थे। वहीं, दूसरे पैकेज में भारतीय उपमहाद्वीप के डिजिटल अधिकार को शामिल किया गया था जबकि तीसरे पैकेज में कुछ मैचों और चौथे पैकेज में भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर के टीवी और डिजिटल प्रसारण अधिकार शामिल थे। वहीं आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की सह-मालिक और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी ई-नीलामी प्रक्रिय को लेकर बीसीसीआई अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा, 'बधाई और एक बड़ा धन्यवाद जय शाह, सौरव गांगुली, अरुण धूमल और बीसीसीआई। केपीएमजी कॉर्पोरेट फाइनेंस में हर किसी का शुक्रिया। विशेष रूप से आईपीएल मीडिया अधिकारों में इस ब्लॉकबस्टर छलांग के लिए श्रीनिवासन आईपीएल फैंस, क्रिकेट प्रेमियों और प्रत्येक भारतीय के लिए एक बहुत ही खास दिन है।' इस नीलामी के आईपीएल विश्व के शीर्ष खेल लीग में शामिल हो गयी है। उससे उपर प्रीमियर लीग, अमेरिकी बॉस्केट बॉल लीग और दो लीग शामिल हैं।

# आईपीएल को ढाई महीने की विंडो दिये जाने का विरोध करेगा पीसीबी

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम प्रभावित होने की आशंका जताई

**कराची** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अगले भविष्य दौरा प्रोग्राम (एफटीपी) कैलेंडर में आईपीएल को ढाई महीने की विंडो दिए जाने के प्रस्ताव का विरोध करेगा। पीसीबी ने कहा है कि इस मामले में वह अन्य देशों के क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद ही कोई फैसला करेगा। पीसीबी का मानना है कि आईपीएल के कारण अन्य देशों का क्रिकेट कार्यक्रम भी प्रभावित होगा क्योंकि सभी शीर्ष क्रिकेटर इसमें व्यस्त हो जाएंगे। इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि आईसीसी की ओर से साल 2024 से 2031 के एफटीपी चक्र में आईपीएल के लिए ढाई महीने का विंडो मिल सकता है। शाह ने कहा था , 'अगले एफटीपी चक्र से आईपीएल के लिए ढाई महीने का विंडो रहेगा। इस प्रकार सभी शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इसमें खेल सकेंगे। साथ ही कहा कि हमने इस मामले में दूसरे बोर्ड और आईसीसी से भी इस पर बात की है।' वहीं दूसरी ओर पीसीबी का मानना है कि मामले पर चर्चा की जरूरत है।



पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा , 'आईसीसी बोर्ड की बैठक बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान जुलाई में होगी और तभी इस मामले पर बात होगी। ' एक पीसीबी अधिकारी ने कहा कि क्रिकेट में पैसा आना अच्छा है पर आईपीएल के लिए हर साल शीर्ष क्रिकेटरों को पूरी तरह से बुक करने की बीसीसीआई की योजना का अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखलाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने आईपीएल में पाकिस्तानी क्रिकेटरों के खेलने पर रोक लगायी हुई है जिसके कारण भी पीसीबी आईपीएल को ढाई महीने की विंडो दिये जाने का विरोध कर रहा है।

## पंड्या की कप्तानी में आयरलैंड जाएगी भारतीय टीम



**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड दौरे के लिए टीम घोषित कर दी है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचने वाले बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को पहली बार टीम में जगह मिली है। त्रिपाठी ने हाल ही में आईपीएल के 15वें सत्र में शानदार बल्लेबाजी की थी। बोर्ड ने इस दौरे के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया है। टीम इंडिया अपने इस दौरे में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। त्रिपाठी पहली बार टीम में चुने जाने से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने इसे किसी सपने के सच होने की तरह बताया है। त्रिपाठी आईपीएल इतिहास में अनकैप्ड (बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव) वाले खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक कुल 1798 रन बनाए हैं। वहीं इस सूची में दूसरे नंबर पर मनन वोहरा हैं जिन्होंने 1073 रन बटोरे हैं। 798 रनों के साथ ही मानविंदर बिस्ला तीसरे नंबर पर हैं। आईपीएल के 15 वें सत्र में त्रिपाठी ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए 14 मैचों में 413 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 158.24 रहा था।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उप कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

## मनोज तिवारी और शाहबाज ने बंगाल को संभाला

**एलुर** । क्रिकेटर से बंगाल के खेल मंत्री बने मनोज तिवारी ने यहां मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को संभाला है। मनोज तिवारी ने मैच के दूसरे दिन मप्र के खिलाफ नाबाद 59 रन बनाये। इस मैच में बंगाल की आधी टीम 54 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी। इसके बाद मनोज तिवारी और शाहबाज अहमद ने छठे विकेट के लिए नाबाद शतकीय साझेदारी करके अपनी टीम को संभाला। बंगाल टीम ने मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 154 रन बना लिए थे हालांकि वह अभी भी पहली पारी के आधार पर मप्र से 187 रन पीछे है। मप्र ने पहली पारी में 341 बनाये थे। वहीं मैच के दूसरे दिन बुधवार को मप्र ने पहली पारी में 6 विकेट पर 271 रनों से आगे खेलना शुरू किया। वही पुनीत दाते 33 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हिमांशु 165 रन बनाकर आउट हुए। पूरी टीम 105.3 ओवर में 341 रन बनाकर आउट हुई। तेज गेंदबाज मुकेश ने 4 जबकि बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने 3 विकेट लिए। इसके बाद बंगाल की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

व्यापार न्यूज

## सोने में तेजी, चांदी फिर 60 हजार के पार



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से गुरुवार के कारोबारी दिन सोना और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी रहा। एमसीएक्स पर गुरुवार को सोने की कीमत में 0.53 फीसदी का इजाफा हुआ और इसका भाव बढ़कर 50,460 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। सोने के दाम में तेजी के साथ ही चांदी का भाव भी उछल गया। इसके भाव में जबरदस्त 2.30 फीसदी की तेजी आई। इसके बाद चांदी की कीमत 60,869 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। गौरतलब है ?कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

## हवाई किराये में 10-15 फीसदी की वृद्धि जरूरी: सिंह

**नई दिल्ली** । विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और रुपए के अवमूल्यन की वजह से घरेलू विमानन कंपनियों के पास हवाई किराया तत्काल बढ़ाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं रह गया है। स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने यह बात कही। सिंह ने एक बयान में कहा कि परिचालन लागत वहनीय बनी रहे इसके लिए हवाई किराये में कम से कम 10 से 15 फीसदी की वृद्धि करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जून 2021 के बाद से विमान ईंधन के दाम में 120 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। दामों में बड़े पैमाने पर हुई यह वृद्धि वहनीय नहीं है और केंद्र तथा राज्यों की सरकारों को विमान ईंधन पर कर कम करने के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए।

## मई में भारतीय कंपनियों में 5.3 अरब डॉलर का निवेश मिला: रिपोर्ट

**मुंबई** । निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कोषों ने मई, 2022 में भारतीय कंपनियों में 5.3 अरब डॉलर का निवेश किया है, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। उद्योग संगठन आईवीसीआर और परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में 7.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मई में निवेश 29 प्रतिशत कम था। वहीं सौदों के लिहाज से मई में 109 लेनदेन हुए जबकि एक साल पहले की इसी महीने में 66 और अप्रैल 2022 में 117 सौदे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार मई 2022 में दस करो? डॉलर से अधिक के 14 ब? सौदे हुए जिनका मूल्य 3.9 अरब डॉलर है। इसमें अडाणी के नियंत्रण वाले मुंबई हवाईअड्डे द्वारा अपोलो ग्लोबल से 75 करो? डॉलर का ऋण जुटाना भी शामिल है।

## एयरबस ए350 विमान खरीदेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली** । टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपने विमानों की पहली खेप के रूप में बड़े आकार के एयरबस ए350 विमान खरीदने का फैसला है। जानकारी के मुताबिक विमानन कंपनी को अपना पहला विमान मार्च, 2023 तक मिलने की उम्मीद है। हालांकि, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि कंपनी कितने ए350 विमान खरीदेगी। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया ने अपने वरिष्ठ पायलटों से ए350 विमान के संचालन के लिए प्रशिक्षण लेने के बारे में भी पूछा है। गौरतलब है कि एयर इंडिया ने वर्ष 2006 से एक भी नया विमान नहीं खरीदा है।

### मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 53,100 के पार, निफ्टी 15,863 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत रुझान के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयर में तेजी के चलते प्रमुख शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान बढ़त देखी गई। इससे पहले चार दिन तक शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 601.11 अंक बढ़कर 53,142.50 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर व्यापक एनएसई निफ्टी 171 अंक चढ़कर 15,863.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एचडीएफसी और भारतीय स्टेट बैंक बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पॉवर ग्रिड, भारती एयरटेल और नेस्ले में गिरावट हुई। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, सियोल और शंघाई के बाजार हरे रंग में थे। हांगकांग के बाजार मामूली नुकसान में कारोबार कर रहे थे। इससे पहले बुधवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 152.18 अंक की गिरावट के साथ 52,541.39 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 39.95 अंक टूटकर 15,692.15 अंक पर बंद हुआ था। वैश्विक स्तर पर मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी के चलते उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 152 अंक की गिरावट के साथ पिछले दस माह के निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए में रिकॉर्ड गिरावट और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी का भी घरलू शेयर बाजारों पर असर पड़ा। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.68 फीसदी की बढ़त के साथ 119.32 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 3,531.15 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे चढ़ा

**मुंबई** । रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की मजबूती के साथ 78.07 पर पहुंच गया। अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरों में 0.75 फीसदी (75 आधार अंक) की वृद्धि की तथा इस दिशा में और कदम उठाने के संकेत दिए जिससे रुपए को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में बढ़त और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से रुपए को बल मिला। हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.06 पर मजबूत खुला, इसके बाद कुछ गिरावट के साथ 78.07 पर आया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 15 पैसे की बढ़त दर्शाता है। शुरुआती सौदों में यह बेहद सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 78.22 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत 25वें दिन भी नहीं बदली

**नई दिल्ली** । देश में तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 25वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें वैट और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपए और छह रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमशः 9.5 रुपए और सात रुपए तक कम हो गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में ऊतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत चढ़कर 118.96 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 115.89 डॉलर प्रति बैरल पर है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे- दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर, डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 111.35 रुपए प्रति लीटर, डीजल 97.28 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, और चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपए प्रति लीटर 94.24 रुपए प्रति

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने 0.75 फीसदी बढ़ाई ब्याज दरें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। यह 28 साल में सबसे बड़ा इजाफा है। अमेरिका में मुद्रास्फीति 40 साल में अपने उच्चतम स्तर पर है। मई के महीने में यह 8.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी। ऐसे में महंगाई पर काबू पाने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरें बढ़ाई हैं। ब्याज दरों में 0.75 फीसदी की बढ़ोत्तरी 1994 के बाद से सबसे ज्यादा है। अमेरिकी फेड की ब्याज दरें बढ़ने से भारतीय मुद्रा पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी डॉलर को मजबूत करेगी लेकिन इससे रुपया और ज्यादा गिर सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपया पहले ही अपने सबसे निचले स्तर पर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों से पहले कारोबारियों ने बाजार से दूरी बना ली थी। यूएस फेड की बैठक से पहले ही ब्याज दरों में बढ़ोतरी के अनुमान के चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई थी। जब अमेरिका में ब्याज दरें कम रहती हैं, तो एफपीआई निवेश के रूप में उभरते बाजारों में बंपर पैसा आता है। इससे शेयर बाजारों में मजबूती आती है। अमेरिका में प्रमुख ब्याज दर बढ़ने पर दुनिया भर के देश अपने यहां भी प्रमुख ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने लगते हैं। भारत में भी आरबीआई ने रेपो रेट को बढ़ाना तब शुरू किया, जब अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की पूरी-पूरी उम्मीद थी। दरअसल, होता यह है कि अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने के साथ-साथ ही अमेरिका और भारत सरकार के बांड के बीच का अंतर कम होता जाता है।

### आरबीआई फिर बढ़ा सकता है रेपो रेट, बढ़ सकती है लोन की ईएमआई

**नई दिल्ली** । अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें 0.75 फीसद बढ़ा दी हैं। अमेरिका ने बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने के लिए ब्याज दरों में इजाफा किया है, जो कि पिछले 28 साल में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। अमेरिका ब्याज दरों में इजाफे का असर दुनियाभर में देखा जा सकता है। ऐसी संभावना है कि भारतीय केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) फिर से रेपो रेट में इजाफा कर सकती है। ऐसे में आने वाले दिनों में होम लोन, पर्सनल लोन की ईएमआई बढ़ सकती है। बता दें कि हाल ही में आरबीआई की तरफ से रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया था। ऐसे में रेपो रेट 4.90 फीसद हो गया है। लेकिन जल्द आरबीआई रेपो रेट में इजाफा कर सकती है, क्योंकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक जुलाई में फिर से ब्याज दर बढ़ सकता है। दरअसल अमेरिका में महंगाई दर 40 साल में अपने उच्चतम स्तर पर है। अमेरिका में मई के माह में महंगाई दर 8.6 फीसद रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्जाय दरों में इजाफे से भारतीय रुपए में गिरावट है।

## बैंक ने आवास ऋण पर न्यूनतम ब्याज दर बढ़ाकर 7.55 प्रतिशत की

**नई दिल्ली** । देश के प्रमुख बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आवास ऋ्षा पर न्यूनतम ब्याज दर बढ़ाकर 7.55 प्रतिशत कर दी है। नई दरें बुधवार से लागू हो गई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद कई बैंकों ने ऋ्षा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। मई में भी केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में अचानक 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की थी। एसबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार बैंक ने अपनी ब्राह्य बेंचमार्क आधारित ऋ्षा दर (ईबीएलआर) को बढ़ाकर न्यूनतम 7.55 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह दर 7.05 प्रतिशत थी। बैंक ईबीएलआर के ऊपर ऋ्षा जोखिम प्रीमियम भी जोड़ते हैं। बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ऋ्षा दर (एमसीएलआर) को 0.20 प्रतिशत बढ़ाया है, जो 15 जून से लागू है। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक ने जमा और कर्ज पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी। एसबीआई की वेबसाइट के अनुसार, दो करोड़ रुपए से कम की खुदरा घरेलू मियादी जमा पर संशोधित ब्याज दर 14 जून, 2022 से प्रभावी होगी। वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार 211 दिन से लेकर एक साल से कम अवधि के लिए जमा पर ब्याज दर 4.60 प्रतिशत होगी, जो अभी 4.40 प्रतिशत है। वरिष्ठ नागरिकों को 5.10 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जो अभी 4.90 प्रतिशत है। इसी प्रकार, एक साल से लेकर दो साल से कम अवधि की जमाओं पर ग्राहकों को 5.30 प्रतिशत ब्याज मिलेगा. इसमें 0.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को 5.80 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसके अलावा एसबीआई ने दो वर्ष से लेकर तीन साल से कम की जमा पर ब्याज दर को 5.20 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.35 प्रतिशत कर दिया है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों को 5.85 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जो पहले 5.70 प्रतिशत था। एसबीआई ने ने दो करोड़ रुपये और उससे अधिक की घरेलू थोक सावधि जमा पर ब्याज दर में 0.75 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। सार्वजानिक क्षेत्र के बैंक ने रेपो से जुड़ी ऋ्षा दर (आरएलएलआर) को बढ़ाकर 7.15 प्रतिशत कर दिया है।

# जैकलीन फर्नांडीज ने बच्चन पांडे के लिए टाइटरोप वाकिंग में ली ट्रेनिंग!



जैकलीन फर्नांडीज जिन्होंने हाल ही में साजिद नाडियाडवाला की बच्चन पांडे के लिए जैसलमेर में शूटिंग पूरी कर ली है, उन्होंने फिल्म के लिए एक बहुत ही असामान्य आर्ट में ट्रेनिंग हासिल की है। जैकी ने टाइटरोप वाकिंग आर्ट सीखा है जिसे फुनंबुलिज्म भी कहा जाता है। यह एक पतली तार या रस्सी पर चलने की एक कला है जिसकी विभिन्न देशों में एक लंबी परंपरा है और इसे आमतौर पर स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है। जैकलिन लगभग 3 सप्ताह के लिए जैसलमेर में थी और उन्होंने लगभग एक सप्ताह के भीतर ही यह कला सीख ली थी। फ़िल्म के करीबी एक सूत्र ने बताया,यह सीखने के लिए एक कठिन कला है जहाँ रस्सी पर चलने के लिए शरीर का सही संतुलन होना जरूरी है जो जमीन से लगभग 8-10 फीट की ऊंचाई पर बंधा होता है। जैकलीन ने कला को आसानी से सीख लिया, कला को सीखने के उनके उत्साह ने उनके इस सफ़र को आसान बना दिया। सूत्र ने कहा बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर पहले पोल डांसिंग और एरियल योगा में भी खुद को प्रशिक्षित किया है, जिससे हमें लगता है कि उन्हें कला का संतुलन बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कुछ अद्भुत शॉट दिए हैं और कला को इतने परफेक्शन से सीखते हुए हम सभी को स्तब्ध कर दिया है। यह 8वीं बार होगा जब जैकलीन और नाडियाडवाला एक साथ काम करेंगे और सिर्फ बच्चन पांडे ही नहीं, यह जोड़ी आगे किक 2 में भी एक साथ काम करेगी।नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित बच्चन पांडे 26 जनवरी 2022 में रिलीज़ की जाएगी।

## दीपिका पादुकोण हैं पति रणवीर सिंह की सुंदरता की मूरत

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी हर जानकारी अपने फैंस से शेयर करती हैं। वहीं अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसपर उनके पति रणवीर ने अपनी पत्नी को सुंदरता की मूरत बताया। तस्वीर के साथ दीपिका ने लिखा, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं ईमानदारी, उद्देश्य और सहानुभूति का जीवन जीकर काफी खुश हूं। वहीं रणवीर अपनी पत्नी को फोटो पर कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने पहले लिखा, क्या बात है, बेबी। उसके बाद उन्होंने लिखा, सुंदरता की मूरत। रणवीर और दीपिका ने 2013 में रिलीज हुई फिल्म गोलियों की रासलीला की शूटिंग के दौरान डेटिंग शुरू की। दोनों ने 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की। यह जोड़ी 1983 में भारत की क्रिकेट विश्व कप जीत पर आधारित आगामी कबीर खान निर्देशित 83 में स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगी।




## अभिनय सीखना एक निरंतर यात्रा है:नताशा रस्तोगी

अभिनेत्री नताशा रस्तोगी, जिन्होंने हाल ही में डिजिटल रूप से प्रदर्शित फिल्म पगलैट में अभिनय किया था, उनका कहना है कि, अभिनय हमेशा सीखने की एक निरंतर यात्रा होती है। नताशा, जिन्होंने फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की मां की भूमिका को निभाया था, उन्होंने बताया, मेरे लिए अभिनय हमेशा वास्तविक जीवन के अनुभवों से बारीकियों को चुनने और उन्हें कैमरे पर दर्शाने के लिए सीखने की एक निरंतर यात्रा है। काम करो, चाहे वह रंगमंच हो या फिल्म, मेरे गुरुओं और मेरे द्वारा काम किए गए सभी शानदार निर्देशकों और लेखकों के साथ बिताया गया समय निश्चित रूप से मुझे एक बेहतर कलाकार के रूप में विकसित होने में मदद करता है। अभिनेत्री ने कहा कि, हर बार जब वह एक नई परियोजना शुरू करती हैं, तो वह इसे एक खाली कैनवास के रूप में देखती हैं, जो उन्हें फिर से कुछ नया करने का मौका देती है। उन्होंने बताया, अगर मैं अपनी हाल की परियोजनाओं के बारे में बात करूं तो पगलैट ने मुझे एक बहुत ही बारीक किरदार निभाने का मौका दिया, जिसे आसानी से गलत भी समझा जा सकता था, लेकिन मैंने इसे अपनी बेटी की भलाई और कठोर नीतिकाल के मानदंडों के बीच फंसी महिला के रूप में देखने की कोशिश की नताशा ने कहा, इसी तरह, मेड इन हेवन में मेरा किरदार भी दिलचस्प रहा है।

# अजय देवगन की फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया की रिलीज डेट हुई कंफर्म



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म राधे द मोस्ट वांटेड भाई 13 मई को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हो चुकी है। फिल्म का ट्रेलर कल रिलीज किया जा चुका है। राधे द मोस्ट वांटेड भाई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद और डिजिटल प्लेटफार्म पर हर बड़ी फिल्में रिलीज होने लगेंगी। सुपरस्टार अजय देवगन की फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ही रिलीज होने वाली है। इस बात की घोषणा तो काफी समय पहले ही हो चुकी थी। लेकिन इस फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई थी। इससे पहले आपको यह बता दें भुज प्राइड ऑफ इंडिया सच्ची घटना पर आधारित बॉलीवुड के एक बेहतरीन फिल्म है। जिसमें अजय देवगन संजय दत्त शरद केलकर सोनाक्षी सिन्हा और नोरा फतेही जैसे मशहूर कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं फिल्म का निर्देशन अभिषेक द्वितीय ने किया है। इस फिल्म की शूटिंग काफी समय पहले ही कंप्लीट करने गई थी। और इस फिल्म पर सारा काम भी पूरा किया जा चुका था। लेकिन फिल्म के रिलीज डेट की घोषणा नहीं हो रही थी। लेकिन बता दे अब यह फाइनल हो चुका है कि इस फिल्म को इसी साल 15 अगस्त को डिजिटल प्लेटफॉर्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। खबरों की माने तो कहा जा रहा है कि मेकर्स को फिल्म के लिए यह सबसे बेहतर समय लगा।



# केंद्र सरकार की सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ योजना का विरोध करें: एसएफआई



**कैलारस।** एसएफआई ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित की नई सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ को एक आपदा माना है व भारत की संप्रभुता के लिए खतरा बताया है। केंद्र सरकार ने पिछले दो वर्षों से नियमित सैन्य भर्ती नहीं करवाई है। जिसके चलते 2021 तक भारतीय सेना में 104,653 कर्मियों की कमी थी। इन पदों को भरने की बजाए केंद्र सरकार ने अब क्षेत्रीय कोटा को पूरी तरह से खत्म करने का फैसला किया है और 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि सहित चार साल की अल्प-अवधि की भर्ती योजना के साथ जाने का फैसला किया है। चार साल बाद लगभग तीन-चौथाई सैनिक बिना पेंशन या ग्रेच्युटी के सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इस नीति के परिणामस्वरूप हर साल अन्य काम की तलाश में लगभग 35,000 बेरोजगार और शामिल होंगे, जिससे समय के साथ समाज का सैन्यीकरण होगा। यह नीति हमारी संप्रभुता की रक्षा करने वाले सुरक्षा बलों के मनोबल और व्यावसायिकता को भी काफी प्रभावित करेगी। सशस्त्र बलों ने हर साल लाखों युवाओं के लिए सुरक्षित और दीर्घकालिक रोजगार के स्रोत भी प्रदान किए है। यह नीति इस संभावना को भी खत्म कर लेंगी। यह नीति केंद्र की मोदी सरकार द्वारा अपनाए जाने वाले नव-उदारवादी रास्ते के तहत हर संभव कार्य का संविदाकरण करने की योजना में शामिल है। इस नीति के परिणाम स्वरूप देश में कामकाजी लोगों की नौकरी की सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता का पूर्ण विनाश होना निश्चित है। इस नीति के माध्यम से सरकार ने दुनिया की साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा प्रशिक्षित और बेरोजगार सैनिकों की भाड़े पर भर्ती के दरवाजे भी खोल दिए हैं। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारतीय लोगों और हमारी संप्रभुता पर इन नव-उदारवादी हमलों का पुरजोर विरोध करता है। एसएफआई के प्रांतीय संयुक्त सचिव राजवीर धाकड़ ने अग्निपथ योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और सशस्त्र बलों में नियमित भर्ती करने की मांग की है।



## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मुरैना शहर एवं बानमौर में निकाला फ्लैग मार्च

**मुरैना।** नगरीय निकाय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर बी.कार्तिकेयन एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी की उपस्थिति में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने मुरैना शहर एवं बानमौर में फ्लैग मार्च निकाला। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया, एसडीएम मुरैना शिवलाल शाक्य, सीएसपी अतुल सिंह, तहसीलदार अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने पुलिस कंट्रॉल रूम मुरैना से निकालना प्रारंभ किया, जो मुरैना शहर के नैनागढ़ रोड, माधौपुरा की पुलिया, शिक्षानगर, शंकर बाजार, रेल्वे स्टेशन, फाटक बाहर, बड़ोखर, ओवरब्रिज होते हुये एमएस रोड से बेरियल चौराह से बानमौर के लिये रवाना हुये। बानमौर में शहर बानमौर, रेल्वे स्टेशन के अलावा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंचे। जहां संभावित वल्नरेवल मतदान प्रशासन ने मानें है।

## निगम के अन्तर्गत पार्षद पद हेतु 25 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त

**मुरैना।** नगरीय निकाय में नाम-निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला जारी है। जिसमें गुरूवार को नगर पालिक निगम मुरैना के अन्तर्गत पार्षद पद हेतु 25 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुये। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 से भूदेवी/रमेश



चन्द्र, वार्ड क्रमांक 2 से शान्ति/गिर्राज शर्मा, वार्ड क्रमांक 5 कमला/कमलेश, वार्ड क्रमांक 6 से शशी/अशोक कुमार, वार्ड क्रमांक 9 से सरोज/रामनिवास, वार्ड क्रमांक 12 से सुधा भगवती प्रसाद शर्मा, वार्ड क्रमांक 13 से केडी डंडोतिया पुत्र राजेन्द्र डंडोतिया, वार्ड क्रमांक 18 से अनीता/मनोज, वार्ड क्रमांक 19 से केदार/रतन सिंह राठौर, भारत/रामस्वरूप, वार्ड क्रमांक 27 से राधारमन पुत्र ओमप्रकाश, वार्ड क्रमांक 28 से नवलकिशोर पुत्र रामसागर, वार्ड क्रमांक 33 से अनीता/धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, वार्ड क्रमांक 34 से गोविंद पुत्र लटूरी, वार्ड क्रमांक 37 से विमेलश/भूपेन्द्र, वार्ड क्रमांक 38 से राजकिशोर पुत्र बद्रीप्रसाद यादव, दिलीप सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, वार्ड क्रमांक 39 से शालिनी/लक्ष्मीप्रसाद कुलश्रेष्ठ, वार्ड क्रमांक 40 से लक्ष्मी/संदीप, वार्ड क्रमांक 43 से आशा/मुरारी लाल, वार्ड क्रमांक 44 से सत्यपाल पुत्र दामोदर, सुमनदेवी/रमेशचन्द्र, सोनेराम पुत्र काशीराम, वार्ड क्रमांक 45 से अशोक सिंह किरार पुत्र बाबूलाल और वार्ड क्रमांक 47 से पवन कुमार पुत्र जगदीश ने नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये।

## शर्मा भगवा रक्षा दल के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**मुरैना।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा महासचिव विनोद त्यागी के परामर्श, प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन की सहमति से ग्वालियर चंबल संभाग के अध्यक्ष डॉ तोसेंद्र मिश्रा द्वारा विष्णु शर्मा निवासी अंबाह मुरैना को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन ने अपेक्षा जताई है कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को सर्वोपरि मानकर भगवा रक्षा दल के विस्तार और संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

# पंचायत चुनाव में जनता के लिये समर्पित साथियों को चुनें: जसबिन्दर सिंह

**कैलारस।** ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जनरल बॉडी की बैठक माकपा कार्यालय किसान भवन पर संपन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने कहा कि हमारे देश की बहुमत आजादी गामीण क्षेत्र में निवास करती है। जो कि बहुत ही बुनियादी समस्यायों से ग्रसित है। इन बुनियादी सुधारों के लिये ग्रामीण क्षेत्र में जनता के बीच में लगातार सक्रिय व समर्पित साथियों का जीतना अत्यन्त आवश्यक है।




माकपा राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में जिस तरह जनता के हक-अधिकार के पैसे को भ्रष्टाचार के जरिये उजाडा गया है उससे जनता के बहुमत हिस्से को आज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कल्याण की योजनाओं को भ्रष्टाचार के चलते पात्र हितग्राहियों से छीनकर अपात्र व चहेते लोगों को देकर सामाजिक विसंगति को बढावा दिया है। वर्तमान में ग्रामीण जनता शिक्षा, पेयजल, रास्तो में कीचड़ जैसी समस्याओं से ग्रसित है। बिजली के फर्जी बिलों के नाम पर लूटने, पानी के लिये फर्जी कनेक्शन व स्वच्छता इत्यादि करो के नाम पर लूट के खिलाफ संघर्ष के लिये माकपा के उम्मीदवारों व जहां माकपा चुनाव नहीं लड़ रही है, उन सीटों पर जनता के मुद्दो पर मजबूती से लड़ने वाले उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है। बैठक में माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, नगर सचिव राजेश गुप्ता, ग्रामीण कमेंटी सचिव सुरेश धाकड़, जिला समिति सदस्य राजवीर धाकड़ सहित ग्रामीण क्षेत्र से कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## प्री-मानसून ने दी दस्तक, 2 घंटे की बारिश से गर्मी में मिली राहत

### - अब उमस से लोग बेहाल, जगह जगह सड़कें लबालब

**मुरैना।** गुरुवार की दोपहर अचानक मौसम में बदलाव हुआ और बादलों के साथ तेज बारिश आरंभ हो गई बारिश देखते ही लोगों मैं हर्ष व्याप्त हो गया और लोग उसका लुत्फ उठाने के लिए



सड़कों पर निकल आए लगभग 2 घंटे की बारिश से यहां मौसम में कुछ ठंडा खाई लेकिन अब उमश लोगों को परेशान कर रही है, इधर 2 घंटे की बारिश के बाद शहर की अधिकांश बस्तियों एवं सड़कों पर पानी भर गया और सीवरेज सिस्टम की पोल खुल गई। मई और जून की भीषण गर्मी से परेशान लोगों को गुरुवार की दोपहर हुई बारिश ने कुछ राहत पहुंचाई है। गुरुवार की सुबह से ही मौसम बारिश जैसा होने लगा था और बार-बार आसमान में बादल छा रहे थे तो वहीं सूर्यदेव भी निकलने की कोशिश कर रहे थे। दोपहर 1 बजे के लगभग अचानक आसमान में काले बादल छाए और प्री मानसून ने दस्तक दे दी। प्री मानसून की पहली बारिश 2 घंटे से अधिक चली, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली, लेकिन उमस होने से लोग बेहाल होने लगे। इधर शहर में सीवरेज सिस्टम की भी पोल मानसून ने खोल दी है।




## ममता प्रजापति ने वार्ड क्रमांक 07 से नामांकन प्रस्तुत किया

**कैलारस।** नगर परिषद कैलारस के निर्वाचन में जनवादी महिला समिति की नेता ममता प्रजापति ने नगर के वार्ड क्रमांक 07 से पार्षद पद हेतु नामांकन सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत किया। माकपा स्थानीय निकाय के निर्वाचन में वैकल्पिक नीतियों को प्रस्तुत करने के लिए, सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ, संपत्ति कर से लेकर विभिन्न कारों की बढ़ोतरी के विरुद्ध संघर्ष को आगे बढ़ाने तथा युवाओं को रोजगार, पेयजल ,स्वच्छता सहित जन समस्याओं के निराकरण के लिए चुनाव के मैदान में है। अभी तक गरीबों को आवास और पट्टे की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। गरीबों मजदूरों को विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित किया जा रहा है। आज गरीबों का जीवन मुश्किल कर दिया गया है। चारों तरफ लूटने का अभियान चल रहा है। इन मुद्दों पर जन संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए ही माकपा चुनाव के मैदान में है। माकपा के नगर सचिव राजेश गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों में अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू की है। इससे धनवल बाहुबल और सत्तावल का प्रभाव पड़ेगा। इसके चलते जनता के बास्तविक प्रत्याशी प्रतिनिधि परिषद में नहीं पहुंच पाएंगे। लूट, खसौट बढ़ेगी। उन्होंने अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने अच्छे संघर्षशील ईमानदार प्रत्याशियों खासतौर से माकपा के अभ्यर्थियों को जिताने की अपील की है। इस मौके पर माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, वरिष्ठ माकपा नेता एडवोकेट केदारनाथ शर्मा, हरीओम गोयल, रामभजन शिवहरे आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।



# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मुरैना जनपद के 4 गांवों में पहुंचकर किया जनसंवाद

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के तहत मुरैना जनपद के अन्तर्गत 1 जुलाई को मतदान होगा। मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न हों। इस संबंध में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने बुधवार की सायं मुरैना जनपद के ग्राम बमरोली, अरदौनी, पड़ावली और रिठौराकलां में शान्तिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिये लोगों के बीच बैठकर जनसंवाद किया। इस अवसर पर एसडीएम मुरैना शिवलाल शाक्य, बानमौर डीएसपी श्रीमती दीपाली चंदोरिया, तहसीलदार अजय शर्मा, जनपद सीईओ शेलेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने ग्रामीणों से कहा कि मतदान में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, सभी मतदान को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें। अगर मतदान दूषित हुआ, किसी ने भी मतदान को दूषित करने का साहस किया तो, उसके खिलाफ चुनाव अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाही होगी। जिसमें संबंधित व्यक्ति की जेल भी हो सकती है। पुलिस अधीक्षकआशुतोष बागरी ने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल रहेगा। इसके अलावा 5-6 मतदान केन्द्रों के बीच एक कलस्टर बनाया जायेगा। जहां पर आवश्यकता पडने पर भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहेगा। मतदान केन्द्र पर छूट-पुट घटना मिलने पर विधिन 5 से 10 मिनिट में भारी पुलिस बल उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी के शस्त्रा थानों में जमा हो चुके है, इसके बाद भी किसी का अवैध शस्त्र दिखाई दिया या उसने प्रदर्शन किया तो उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाही होगी। कलेक्टर ने बमरौली मतदान केन्द्र का भी अवलोकन किया। जहां विद्युत, छाया, पानी, रैम्प आदि व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये।



# सालों से रोड नहीं, इस बार कर दिया चुनाव का बहिष्कार

## वाकया बालाघाट जिले की इस पंचायत का

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट जिले की लांजी विकासखण्ड में वैसे तो सड़कों का जाल बिछा हुआ है लेकिन कुछ पंचायत ऐसी भी हैं जंहा ग्रामीणों को बरसात के मौसम में दलदली एवं किचडयुक्त मार्ग से आवागमन करना पड़ता है। ऐसा ही वाकया विकासखण्ड लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दिघोरी के वार्ड नंबर 13 और 14 का है जहां के निवासियों ने वार्ड पंचायत चुनाव के बहिष्कार का ऐलान करके सभी को चौंका दिया। ज्ञात हो कि दिघोरी मुख्य मार्ग से लगभग 800 मिटर की दुरी ज़हां 2 वार्ड के लगभग 200 मतदाता एवं कुल नागरिक लगभग 300 , वहीं आवागमन हेतु दुपहिया और चौपहिया वाहनों की संख्या भी लगभग 40-50 के बीच में है। बिजली के खंभे पर स्टेट लाइट लगी है, नल जल योजना बनकर तैयार है, 2 हैंडपंप है। वार्डवासी मकान टेक्स जमा करते हैं, शासन प्रशासन की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है, लेकिन सड़क नहीं है। जिसके विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए उक्त वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में किसी भी व्यक्ति के द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि बरसों पुरानी हमारी मांग पूरी नहीं हो रही तो फिर हम क्यों चुनाव में हिस्सा लें और अपने मताधिकार का उपयोग करें।

### सड़क ना बनने से ग्राम प्रधान हो चुके थे पद से पृथक

ग्राम पंचायत दिघोरी के वार्ड नंबर 4 , 5 , 13 और 14 में रहने वाले गरीब तबके के लोग पिछले कई सालों से रोड की मांग कर रहे थे लेकिन अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हुई तब, जिसके चलते विधायक हिना कावरे के पत्र के आधार पर सरपंच राजिक नाजमी को पद से पृथक कर दिया गया था, जिसके पश्चात ग्राम प्रधान नियुक्ति पृक्रिया कर ग्राम के निवासी धन्नूलाल घोरमारे को सरपंच नियुक्त किया गया। जिसके पश्चात ग्राम के वार्ड क्रमांक 4 और 5 में पक्की सड़क बनवाई गई। लेकिन वार्ड नंबर 13 और 14 में अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके चलते वार्डवासियों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। वहीं वार्ड वासियों ने चुनाव से ठीक पहले यहां रोड की मांग को लेकर अनोखा प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

### रोड़ नहीं तो वोट नहीं

दिघोरी के वार्ड नंबर 13 और 14 में रहने वाले लोगों ने सड़क नहीं होने तक चुनाव में शामिल ना होने और वोट नहीं डालने का फैसला लिया है और गली और घरों में बकायदा बैनर चस्पा कर दिए हैं जिसमें लिखा है कि रोड नहीं तो चुनाव नहीं। रहवासियों ने बताया कि कई सालों से वे पंचायत में , जनपद पंचायत में, एसडीएम कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय और यहां तक कि मुख्यमंत्री के नाम अपनी समस्या के समाधान में अपनी गुहार लगा चुके हैं लेकिन किसी ने भी उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही अब तक सड़क बन पाई है।




### एक नज़र वार्डवासियों के वक्तव्य पर

मैं कमलाबाई सुलाखे सन 2001 में सरपंच रही। पहले इस रोड पर बहुत कीचड़ था तो हमने उस समय मुरूम डलवाए हैं । अभी बहुत खराब हो गया है यह रोड। नल जल के लिए जेसीबी से नाली खुदवाकर मिट्टी रोड पर डाल दिए जिससे कीचड़ होता है।

**कमला बाई सुलाखे** ( पुर्व सरपंच दिघोरी)

हमारे यहां रोड बनना चाहिए। पंचायत में रोड नहीं है ऐसा बोलते हैं। इसलिए हमने वार्ड मेंबर का फॉर्म भी नहीं भरे हैं और सरपंच को भी वोट नहीं देंगे । जब तक रोड नहीं बनेगी तब तक वोट नहीं देना है। रोड़ सरकारी नहीं है तो सरपंच सचिव का काम है कि दान की गई जगह में रोड दर्ज कराया। 15 साल पहले मुरूम डला था । अभी राजीक सरपंच बना कुछ नहीं किया।

**उदयचंद घोरमारे** ( वार्डवासी ग्राम पंचायत दिघोरी )

ग्रामीण रामकिशोर का कहना है कि जब भी हम सरपंच सचिव को बोलते हैं उनका कहना पड़ता है कि यह रोड पंचायत में नहीं है इसलिए हम बनाना पसंद नहीं करते और हम नहीं बनाते । हमने दान पत्र में जमीन सड़क के लिए दे दिए हैं, फिर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम वार्ड वासियों ने पंच के लिए फॉर्म नहीं भरा है । सरपंच, जनपद पंचायत, जिला पंचायत किसी के लिए भी वोट नहीं करेंगे। जब तक रोड नहीं तब तक चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे।

**रामकिशोर सुलाखे** (वार्ड वासी दिघोरी)

हमारी समस्या रोड की है। हमने वार्ड से फॉर्म नहीं भरे हैं और मतदान भी नहीं करेंगे। हमने चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लगा दिए हैं रोड नहीं तो मतदान नहीं।

**रोशनदास दसरिया** ( ग्रामीण )

ग्राम पंचायत दिघोरी निवासी अनिल कुमार ने बताया कि इस रोड पर 10 साल पहले मुंह में डाल चुका हैं। इसके बाद कुछ भी नहीं डाला। यह रोड नहीं बन पा रही है यह रोड ग्राम पंचायत की है और यहां पर 2 वार्ड के लोग निवास करते हैं। बारिश के दिनों में गर्भवती महिलाएं या बीमार व्यक्तियों को इलाज के लिए आवागमन का कोई साधन नहीं होता है ।यहां सड़क के खराब है जिसे कोई गाड़ी नहीं आती। स्थिति बहुत खराब होती है। हम चाहते हैं कि यह सड़क शीघ्र बन जाए। फिलहाल हमने चुनाव का विरोध किया जब तक सड़क नहीं बनेंगे तब तक हम वोट नहीं देंगे हम चुनाव में शामिल नहीं होंगे।

**अनिल कुमार सुलाखे** ( दिघोरी निवासी)

मेरा नाम समीर सुलाके कक्षा छठी का छात्र अपने गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने जाता हूं। हम बारिश के दिनों में इसी रोड से गिरते पड़ते स्कूल जाते हैं। कपड़े गंदे होते हैं। कई बार लग जाता है। फिर कपड़े बदलने घर आते हैं। इस बार रोड नहीं बनी तो हम स्कूल नहीं जाएंगे।

**समीर सुलाखे** ( कक्षा छठवीं का छात्र )

में केजी 2 में पढ़ती हूं बारिश में वेन हमारे घर नहीं आती। बड़ी समस्या होती है हमारी रोड बना दीजिए।

**प्रियल दसरिया** ( केजी 2 की छात्रा)

हमको समस्या रोड के कारण है छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं। बहुत परेशानी होती है। हम या 40-45 साल से रह रहे हैं। बरसात में पैदल नहीं चल सकते। पंचायत में आवेदन दे - देकर थक गए हैं। हमारे मोहल्ले में पंच, सरपंच, उपसरपंच सब बने पर कोई ध्यान नहीं । हमारी मांग है की रोड बनना चाहिए नहीं तो वोट नहीं देंगे।

**लक्ष्मीबाई** ( ग्रामीण महिला)

### इन वार्डवासियों ने जताया विरोध

कमलाबाई सुलाखे पूर्व सरपंच, युवराज बनोठे पूर्व पंच, लताबाई बनोठे पुर्व पंच, अनिल सुलाखे, रोशन दसरिया, जागेश्वर सुलाखे, खोजराम सुलाखे, रेवाराम सुलाखे, सोबेलाल बनोठे, सुमरन दसरिया, लक्ष्मीबाई सुलाखे, सूरजबति दसरिया, जय गोवकुंवर दसरिया पूर्व पंच , मिनेश्वरी दशरिया, महेश दसरिया, चंदूलाल सुलाखें, धनीराम सुलाखें, राजेश्वर सुलाखें, भूमेश्वर सुलाखे, रामकिशोर सुलाखे, नंदकिशोर सुलाखे, डुडेश्वर सुलाखे, मंगलदास दसरिया, मोरध्वज, साधुदास, गिरधारी, ओमप्रकाश, संजय , मालिक दास, मिलनदास, दिनेश, मुकेश , नरेश, धर्मेंद्र, यादवदास दसरिया, सोहन दास, कृष्णदास , मोहनदास, श्रावण लाल ज्ञानीदास एवं ओमप्रकाश दसरिया ने सड़क निर्माण की मांग की है।

## थाना पिछोर पुलिस को मिली बड़ी सफलता 24 घंटे के अंदर किया चोरी का पर्दाफाश मय माल के साथ आरोपी गिरफ्तार




**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी किशोर दीपक तोमर के नेतृत्व में पुलिस पिछोर की टीम द्वारा 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा दिनांक 14/06/22 को फरियादी देव सिंह लोधी निवासी ग्राम लहरा ने अपने घर से दिनांक 13/06/22 की रात्रि में घर का ताला तोड़कर करीब ?100000 के सोने चांदी के जेवरात किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट लेख कब आई थी जिस पर से थाना पिछोर पर अप. क्रमांक 357/22 धारा 457, 380 ता. हि. पंजीबद्ध किया गया पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा चोरी के पर्दाफाश के लिए निर्देश दिए गए निर्देशों पर कड़ाई से पालन करते हुए थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर द्वारा एक टीम प्रकरण में माल मुलजिम की तलाश हेतु बनाई गई टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर ही संडेहियो को राउंडअप कर पूछताछ का चोरी का खुलासा किया प्रकरण में आरोपी ओमप्रकाश पुत्र दयाराम लोधी निवासी लहरा को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गया पूरा माल जिसमें एक करधोनी चांदी की, सोने की झुमकी, सोने की चूड़ी आरोपी के कब्जे से बरामद की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर एसआई नितिन भार्गव एसआई चेतन शर्मा अरविंद हिमांशु चतुर्वेदी उपेंद्र यादव प्रदीप कोरब बच्चन तोमर की सराहनीय भूमिका रही

## गाँव से निकलकर विदेश में बढ़ाया भारत का मान,बागेश्वर धाम महाराज का ब्रिटेन में हुआ सम्मान



### जानिए पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को क्यों मिल रहे तीन अवॉर्ड

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल**-मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा स्थित श्री बालाजी यानि हनुमानजी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को ब्रिटेन की संसद में सम्मानित किया गया।उन्हें 14 जून 2022 को ब्रिटेन के सांसद गैरिथ थोमस की उपस्थिति में संसद द्वारा तीन अवार्ड दिए गए।उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड,संत शिरोमणी अवॉर्ड व यूरोप वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया।यहां बताना मुनासिब होगा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर एवं कथाव्यास पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 01 जून से इंग्लैण्ड के प्रवास पर व 15 जून तक इस दौरान लंदन और लेस्टर शहर में वह श्रीहनुमत कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा कर चुके हैं।ब्रिटेन की संसद में 14 जून को उनका सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।बागेश्वर पीठाधीश्वर को ये सम्मान उनके द्वारा किए गए कन्या विवाह,निःशुल्क भण्डारे के साथ उनकी धार्मिक शिक्षाओं के लिए दिए जा रहे हैं।गढ़ा एक छोटा गांव है जो कि पर्यटन नगरी खजुराहो से महज 20 किलोमीटर दूर है. इसी गांव में हनुमानजी के बागेश्वर धाम के पंडित शास्त्री पीठाधीश्वर हैं। इन दिनों वे अपने दरबार के साथ ही जन सेवा के लिए भी जाने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वह ब्रिटेन के सिद्ध आश्रम शक्ति सेंटर के द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होने गए थे।खास बात यह है कि बागेश्वर पीठाधीश्वर वर्तमान में देश के उन संतों में शुमार हैं जिन्हें सबसे ज्यादा लोग फॉलो कर रहे हैं।बागेश्वर धाम के अधिकृत सोशल मीडिया पेज पर भी बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को ब्रिटेन की पार्लियामेंट में सम्मानित किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई थी।ब्रिटेन पार्लियामेंट में इस मौके पर एक कार्यक्रम भी हुआ।इनके दिव्य दरबार की लंदन में सनातन की अलख जगाने के साथ चर्चा हो रही है।गढ़ा एक छोटा सा गांव है जोकि मध्यप्रदेश की पर्यटन नगरी खजुराहो से महज 20 किलोमीटर दूर है।इसी गांव में स्थित बागेश्वर धाम के पंडित शास्त्री पीठाधीश्वर हैं।इन दिनों वे अपने दरबार के साथ ही जन सेवा के लिए भी जाने जा रहे हैं।साथ ही बागेश्वर धाम में श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित है और वहां खासकर मंगलवार व शनिवार को हजारों की संख्या में भक्तगण दूर दराच से दर्शन करने पहुंचते हैं साथ ही रोजाना भी यहां भक्तो की भीड़ देखने को मिलती है।

## हथियार की खेप के साथ किया गिरफ्तार



**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अवैध हथियारों एवं गुण्डा बदमाशों की धरपकड़ हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों को आगामी त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भिण्ड पुलिस ने अवैध हथियार तस्कर को पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में मुखविर तंत्र विकसित करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मेहगाँव श्री आर0 के0 एस0 राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरासों चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक हथियार तस्कर भिण्ड जिले में अबैध पिस्टल व कट्टों की खेप खपाने के लिए कहीं जाने की फिराक में कैरोरा तिराहा अमायन गाता रोड पर खड़ा है, जिस पर से थाना प्रभारी बरासों सी0पी0एस0 चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखविर द्वारा बताये स्थान कैरोरा तिराहा गाता अमायन रोड पहुंचे जहाँ एक व्यक्ति बैग लिए खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर हाथ में बैग लेकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा तथा उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें 8 पिस्टल 32 बोर मय मेग्जीन 4 कट्टे 12 बोर, 1 कट्टा 315 बोर तथा प्रथक से 4 जिंदा राउण्ड 32 बोर, 1 जिंदा राउण्ड 12 बोर, 1 जिंदा राउण्ड 315 बोर मिले, जिस पर से थाना बरासों में अपराध क्रमांक 49/2022 धारा 25(1)(ड्), 5, 25(1-ड्)(ड्), 3, 26 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध पूर्व में थाना कोतवाली जिला भिण्ड में भी अपराध पंजीबद्ध है।

**जप्त मसरूका का विवरण:** **1.** 32 बोर की, 08 पिस्टल **2.** 12 बोर के - 04 कट्टे **3.** 315 बोर का 01 कट्टा **4.** 32 बोर पिस्टल के 04 जिन्दा राउण्ड, 12 बोर कट्टे का 01 जिंदा राउंड, 315 बोर कट्टे का 01 जिंदा राउंड कूल मशरूका कीमती 2.25 लाख रुपये

**सराहनीय भूमिका:** उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी बरासो सीपीएस चौहान, एएसआई आरडी चौधरी, प्र. आर. जुगराज चौहान, प्र. आर. राजवीर कुशवाह. प्र. आर. अनिल शर्मा, आर शिवशकर, आर. मनोज कुशवाह, सैनिक अरविंद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्कूल चलें हम अभियान का प्रथम चरण प्रारंभ

- कल से खुलेंगे स्कूल , मनेगा प्रवेश उत्सव- डी पी सी मनोज निगम
- जनपद शिक्षा केंद्र शिवपुरी पर आयोजित की गई बैठक

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जनपद शिक्षा केंद्र शिवपुरी पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे नवीन सत्र को लेकर रूपरेखा तैयार की गई , बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर ने बताया कि स्कूल चलें हम अभियान का प्रथम चरण अंतर्गत 17 जून से स्कूल खुलने जा रहे है, इसी दिन शाला प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन कर शालाओ मे प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा एवं विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा एवं नवीन प्रवेश छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा , गतवर्ष के कक्षा 1 से 7 तक की कक्षाओ के बच्चों को 2 से 8 कक्षाओ मे प्रवेश दिया जावे , कक्षा 1 मे प्रवेश हेतु जानकारी संबंधित आँगनबाढी से सूची प्राप्त कर घर- घर संपर्क व सर्वे किया जाए तथा विगत सत्र के लक्ष्य के अनुरूप प्रवेश दिलाया जाए तथा छात्र छात्राओ को शिक्षण सामग्री वितरित की जाएगी , शासन के प्रावधान अनुसार पात्र हितग्राहीयों को छात्रबासों मे प्रवेश दिया जाए, इनमे कोरोना काल की भिविशिका मे जिन बच्चों के माता या पिता या दोनों नहीं रहे हों उन्हे प्राथमिकता दें, पीएम केयर योजना मे चिन्हित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा मे लाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए , प्रत्येक शाला के संस्था प्रमुख द्वारा दिनांक 17.06.2022 से ही प्रतिदिन एम शिक्षा मित्र एप पर शाला मे उपस्थित छात्रों की संख्या एवं शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की जाए एवं बाल सभा का आयोजना 18.06.2022 को किया जाएगा, जिसमे माँ की बगिया एवं शाला के स्वच्छता संबंधित गतिविधियों पर कार्य किया जाएगा वही 20 से 26 जून तक हाट बाजार के दिन पालक सम्मेलन आयोजित कर स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओ की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी , सम्मेलन मे प्रत्येक पालक से बच्चों की शैक्षणिक स्थिति के साथ साथ शाला की स्थिति एवं हितग्राही मूलक योजनाए एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम माह मे आयोजित होने बाली गतिविधियों से अवगत कराते हुए उनसे आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की जाए



, स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत कार्यवाही निर्धारित समय सीमा मे संपादित करने के निर्देश कलेक्टर शिवपुरी द्वारा दिए गए है , 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शाला स्तर पर आयोजित होगा जिसमे कक्षा 7 से 12 के बाचे शामिल होंगे, कक्षा 5 एव 8 की पूरक परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जा रहा है सभी बच्चों को परीक्षा मे शामिल कराएं , बारिष को दृष्टिगत रखते हुए शालाओ मे आवश्यक व्यवस्था की जाए , आरटीई प्रवेश के संबंध मे प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है , कमजोर एवं बँचित वर्ग के बच्चों का अशासकीय शाला मे निशुल्क प्रवेश हेतु आवेदन एवं सत्यापन 15 जून से प्रारंभ होकर 30 जून 2022 तक होंगे । बीआरसीसी शिवपुरी के अनुसार नामांकन को लेकर शिवपुरी विकास खंड की स्थिति अच्छी नहीं है , समस्त जन शिक्षक एवं नामांकन प्रभारी बी ए सी 3 दिवस मे नामांकन पूर्ण कराकर प्रतिवेदन बी आर सी सी को प्रस्तुत करेंगे , समस्त नोडल अधिकारी अपने अपने अशासकीय शालाओ के यू डाइस का कार्य 3 दिवस मे पूर्ण करा दे , कार्य पूर्ण न करने बाले अशासकीय शालाओ के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्ताव प्रेषित करे , वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जो निर्देश दिए गए है उनके अनुरूप मतदान केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करे । एवं पालन प्रतिवेदन जन शिक्षक के माध्यम से जमा करावे । सत्र 2022-23 हेतु अकादमिक कलेंडर राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी कर दिया गया है , इसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करे, जो इस प्रकार है -

| कक्षा | समय सीमा | कार्यवाही विबरण |
|---|---|---|
| 1 एव 2 | सत्र प्रारंभ से सत्रांत तक | मिशन अंकुर अंतर्गत एफ एल एन केंद्रित अभ्यास पुस्तिका एवं कक्षा पाठय पुस्तक आधारित शिक्षण |
| 3 से 8 | सत्र प्रारंभ से 15 अगस्त तक | दक्षता उन्नयन कार्यक्रम, |
| | 15 अगस्त से 31 अक्टूबर 2022 तक | एन -1 आधारित सेतु सामग्री एवं दक्षता उन्नयन बूस्टर पीरियड |

### 1 नवंबर 2022 से सत्रांत तक एट ग्रेड शिक्षक

सत्र प्रारंभ होने पर सत्र प्रथम छात्रों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश मे किए गए कार्य को जांचा जाए तथा गतिविधियों पर कक्षा मे चर्चा करते हुए अनुभवों को साझा किया जाए, विगत वर्षों की भांति बेसलाइन टेस्ट का आयोजन किया जाएगा इस हेतु छात्रों को अंकुर , तरुण एवं उमंग समूह मे बाँट कर कार्य करेंगे , सभी जनशिक्षक दिए गए निर्देशों के अनरूप जनशिक्षा केंद्र स्तर पर बैठक का आयोजन करेंगे एवं दिए गए निर्देशों के प्रत्येक शाला स्तर तक पहुँचाने का कार्य करेंगे, कोरोनो के विपरीत परिस्थियों के बाद स्कूल पुनः प्रारंभ किए गए है, अतः शिवपुरी बीआरसीसी होने के नाते मे आप सभी शिक्षक साथियों से बिनम्र अनुरोध करता हूँ कि अपने दयित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से करते हुए राष्ट्र निर्माण मे पूर्ण सहयोग प्रदान करें ।

## मेयर का चुनाव लड़ने वालों को देना होगा पाई-पाई का हिसाब, कलेक्टरों ने जारी किए चीजों के रेट

# मुंह मीठा करना भी महंगा पड़ेगा प्रत्याशी को

**भोपाल।** शहर में मेयर या पार्षद का चुनाव लड़ रहे हैं, तो पाई-पाई का हिसाब देना होगा। यहां तक कि मंच पर तकिये पर भी बैठे, तो 10 रुपए देने पड़ेंगे। नेताजी या समर्थकों का मुंह मीठा करना भी महंगा पड़ेगा। एक किलो स्पेशल अंजीर मिठाई के 1045 रुपए चुकाने होंगे तो काजू कतली, मिल्क केक, बर्फी मिठाई हो या बूंदी के लड्डू, यह भी खर्च में जुड़ेंगे।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भोपाल जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार से लेकर खाने-पीने तक की सामग्री की सूची रेट समेत जारी कर दी है। भोपाल में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सूची में 91 आइटम के रेट तय किए हैं। इसी तरह इंदौर में भी 260 आइटम्स के रेट जारी किए गए हैं। वहीं, जबलपुर-ग्वालियर समेत अन्य जिलों में भी खर्च की सूची जारी की गई है। प्रत्याशियों को इसी हिसाब से उम्मीदवारों को खर्च करना होगा और रिटर्निंग




अधिकारियों को खर्च का ब्यौरा देना पड़ेगा। चुनाव में सबसे अहम है खाना और नाश्ता, जो नेताजी को महंगा पड़ने वाला है। नेताजी को गिफ्ट में ड्राई फ्रूट का पैकेट देंगे, तो उसके 460 से 1480 रुपए तक चुकाने होंगे। बारिश को देखते हुए वॉटर प्रूफ टेंट लगवा सकते हैं, लेकिन उसके रेट अलग है।

### नाश्ते के रेट ये हैं

भोपाल में 4 और 5 आइटम का नाश्ता, बुफे का रेट अलग-अलग है। जैसे- समोसा, पोहा, जलेबी या चाय को मिलाकर नाश्ता दे रहे हैं, तो उसके रेट 109 रुपए तक होंगे। 5 आइटम के रेट 149 और बफे 209 रुपए में एक प्लेट मिलेगा। अब खाना यानी भोजन की बात करते हैं। तीन तरह से खाने की प्लेट और रेट तय किया गया है। जैसे स्टैंडर्ड मैन्यू 299 रुपए, एलिट मैन्यू 349 रुपए और जनरल मैन्यू के रेट 239 रुपए होंगे। लंच पैकेट सादा है, तो 148 रुपए, लंच पैकेट मीडियम होने पर 150 और वीआईपी के लिए लंच पैकेट के रेट 180 रुपए होंगे।

### सबसे सस्ती सोन पापड़ी, फिर बूंदी के लड्डू

मिल्क केक 484 रुपए, बादाम बर्फी 460 रुपए, सादा बर्फी 460 रुपए, डोडा बर्फी 490 रुपए, काजू कतली 869 रुपए, स्पेशल काजू कतली 979 रुपए, स्पेशल अंजीर 1045 रुपए, गुलाब जामुन 435 रुपए, बंगाली मिठाई 470 रुपए, बंगाली मिठाई स्पेशल 495 रुपए, मलाई डोडा 484 रुपए, शाही डोडा 490 रुपए और मलाई टिकिया 490 रुपए में मिलेगी। वहीं, शुगर फ्री मिठाई के रेट 1078 रुपए किलो तय किए गए हैं। सबसे सस्ती सोन पापड़ी है, जो 225 रुपए किलो मिलेगी। वहीं, बूंदी के लड्डू साढ़े 300 रुपए किलो तक मिलेगी।

### डालडा और शुद्ध घी में इतना फर्क

बूंदी के लड्डू यदि डालडा में बने हैं, तो 350 रुपए प्रति किलो चुकाने पड़ेंगे। वहीं, शुद्ध घी के लड्डू के 429 रुपए देने पड़ेंगे। सादा सोन पापड़ी की कीमत 225 रुपए और शुद्ध घी में बनी सोन पापड़ी दोगुनी कीमत यानी 460 रुपए किलो मिलेगी।

### मंच सजाने का भी हिसाब होगा, तकिये के भी लगेंगे

चुनाव के दौरान सभा में खर्च होने का भी हिसाब देना पड़ेगा। दरी के 14 रुपए, परदा 50 रुपए, तकिया 10 रुपए, पतंग 29 रुपए, कंबल 10 रुपए, रंगीन चादर बिस्तर 9 रुपए, गद्दे के 15 रुपए नग के हिसाब से चुकाने होंगे। सभा के दौरान नेताजी को फॉम के सोफे पर बैठाया, तो उसके 250 रुपए देने होंगे। टेबल से लेकर पंखा, कूलर, स्पेशल कूलर, तखत, ड्रम, टब, कुर्सी कवर आदि के रेट भी फिक्स है।



## महिला शक्ति संगठन की अध्यक्षता पूनम राजोरिया ने वार्ड क्रमांक 7 से नामांकन पत्र दाखिल किया

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** नगर परिषद पिछोर अध्यक्षता की सबसे प्रबल दावेदार महिला शक्ति संगठन की अध्यक्षता श्रीमती पूनम के के राजोरिया ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया वार्ड क्रमांक 7 से आज श्रीमती राजोरिया जी ने तहसील कार्यालय पिछोर जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें वार्ड क्रमांक 7 पिछोर में लोगों में खुशी देखने को मिली हर जगह हर्ष उल्लास मनाया गया जिसमें श्रीमती राजोरिया द्वारा आज नामांकन पत्र दाखिल किया गया एक ईमानदार लगाने से जुझारू कमल तक प्रत्याशी श्रीमती राजोरिया द्वारा बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें मुझे नगर परिषद पिछोर वार्ड क्रमांक 7 से चुनावी दंगल में उतरने का अवसर दिया है भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से मेरा विश्वास रखा है उसी तरीके से मैं सभी नगर वासियों का तहे दिल से शुक्रगुजार हूं और आगे भी रहूंगी



## बेटी संग चूरना के जंगल में घूमीं अभिनेत्री रवीना टंडन, बाघ को नजदीक से देखा

**इटारसी।** फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन को टाइगर स्टेट मप्र का सतपुड़ा टाइगर रिजर्व बहुत पसंद आया। उन्होंने 5 दिन तक अपनी बेटी के साथ एसटीआर के चूरना रेंज में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। सतपुड़ा की सुरम्य वादियों और वन्य जीवों के बीच उनकी टीम ने जंगल की सैर की। रवीना को कई बार जंगल मे बाघ के करीब से दीदार हुए। बोरी रेंज के अधीक्षक आरएस चौहान ने बताया कि रवीना और उनके साथ आए परिवार ने कई जगह सेल्फी ली और जंगल में खुली जिप्सी से सैर सपाटा किया। वापस जाते समय उन्होंने कहा कि मप्र के जंगल बेहद खूबसूरत हैं जब भी मौका मिलेगा, वे दोबारा यहां आएंगी। रवीना नागपुर होकर बैतूल जिले के छोटे से गांव धपाड़ा में बने खूबसूरत रिसोर्ट में रहीं। रवीना के साथ उनकी बेटी और फोटोग्राफर भी साथ था। 11 जून की शाम को धपाड़ा पहुंचने के बाद शाम को ही वे जंगल सफारी पर निकलीं। थी। पांच दिनों की ट्रिप में उन्होंने सुबह 5 बजे से 8 बजे तक जंगल सफारी का लुफ्त उठाया।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भाग 3 में निर्मित सड़कों में अनियमितता : केंद्र सरकार जांच करें

**रायपुर-** छत्तीसगढ़ राज्य में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में यह योजना की शुरुआत इसी उद्देश्य से की थी कि छत्तीसगढ़ के बाहुल ग्रामीण क्षेत्र शहरी विकास का फायदा ले और शहरी क्षेत्रों में हो रहे विकास को समझ सके 7 करोड़ों रुपयों के इस अभियान को छत्तीसगढ सरल रोड डोवलपमेंट एजेंसी , अधीक्षक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंताओं की मिलीभगत से उक्त संपूर्ण कार्य समय अवधि पर नहीं हो सका है इसका फायदा ठेकेदारों को हो गया है 7 मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश क्रमांक 014 तथा वर्ष 2020 के द्वारा निर्देशित किया गया था की प्राकलन में परिवर्तन अनुबंध पश्चात 15 दिवस के भीतर करवा सकते हैं जबकि इसके विपरीत कुछ भ्रष्ट अधिकारी कार्योत्तर समय निकल जाने के पश्चात ठेकेदारों को करोड़ों रुपए का फायदा पहुंचाने के लिए प्राकलन परिवर्तन करवा रहे हैं7 अभियंताओं की सांठगांठ से ठेकेदारों द्वारा अनुबंधित समयावधि मे कार्य पूर्ण नहीं कर समयाविधि स्वीकृति हेतु मांग की जाती है बिना प्रतिक्षण के विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता ठेकेदारों के दबाव में अनुशता सहित आवेदन को कार्यालय को प्रेषित कर ठेकेदारों को प्रोत्साहन दे रहे हैं 7 छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की निष्पक्ष जांच करवाई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं जिनमें कई जिलों जैसे रायपुर बलौदा बाजार महासमुंद राजनांदगांव एवं अन्य जिलों मे अगर जांच करवाई जाए तो इन अभियंताओं की काले कारनामे उजागर हो सकते हैं इन अभियंताओं की 3 साल की वार्षिक लेखा परीक्षण भी कराया जाए उनकी शुरुआत में आर्थिक स्थिति क्या थी एवं वर्तमान में क्या है इनकी भी भली-भांति जांच होनी चाहिए !



## बड़वानी में एबी रोड पर बस और ट्रक की टक्कर में तीन लोंगों की मौत

**बड़वानी।** जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी दूर बरूफाटक ग्राम के समीप एबी रोड पर बस व ट्रक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बस में सवार पांच यात्री गंभीर घायल हो गए। इन्हें समीप के स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। जहां उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। हाइवे पर हादसे के बाद लोग जमा हो गए। ग्रामीणों ने बस में से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## एनआइए ने जेएमबी के आतंकियों के संपर्क में आए लोगों से की पूछताछ

**भोपाल।** जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के चार आतंकियों की पिछले दिनों भोपाल में हुई गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) की टीम उनके मददगारों की तलाश कर रही है। बुधवार तड़के चार बजे एनआइए की 10 सदस्यीय टीम ऐशबाग इलाके में पहुंची। वहां साढ़े छह घंटे तक मौजूद रही। जिस समय टीम पहुंची, ऐशबाग थाने के पुलिसकर्मियों के मोबाइल भी बंद करवा दिए गए थे। टीम ने उस घर के मकान मालिक से भी पूछताछ की जिसके मकान में आतंकी थे। बता दें कि 13-14 मार्च की रात आतंकरोधी दस्ते (एटीएस) ने ऐशबाग क्षेत्र से जेएमबी के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई थी। बाद में एटीएस ने करोंद और आष्टा, सीहोर से उनके दो




मददगारों को भी गिरफ्तार किया था। इसके बाद से पूरे मामले की जांच एनआइए कर रही है। एनआइए ने अलग से इस मामले में एफआइआर दर्ज की थी। एनआइए की टीम ने उस कमरे के अंदर जाकर भी देखा, जिसमें आतंकी ठहरे थे। टीम ने मकान में उस समय रहने वाले अन्य किरायेदारों से लेकर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।

बताया जा रहा है कि अधिकांश सवाल आतंकियों के व्यवहार को लेकर ही पूछे गए। सूत्रों के अनुसार एनआइए जानना चाह रही थी कि आतंकियों के संपर्क में कौन-कौन लोग थे। उन्हें मदद कौन देता था।

## महेंद्र मुणोत ने बच्चों को गौशाला एंव आश्रम का भ्रमण करवाया और दिया नैतिकता का संदेश



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु--** बहू मंडल बेंगलुरु लंबे समय से बच्चों को धार्मिक संस्कारों के माध्यम से आध्यात्मिकता से जोड़ने का कार्य कर रहा है बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें सेवा भावना जागृत करने के उद्देश्य से बच्चों को गौशाला एवं आश्रम भ्रमण के लिए लेकर गए महेंद्र मुणोत ने अपने संबोधन में बच्चों को मोबाइल फोन से ज्यादा लगाव नहीं रखें माता पिता का आदर करें भोजन झूठा ना छोड़े रात को समय पर सोएं स्कूल में मन लगाकर पढ़ाई करें जल का दुरुपयोग ना करें ऐसी छोटी-छोटी बातों को समझा कर अच्छा नागरिक बनने की बात कही बच्चों ने इन बातों के पालन करने का संकल्प लिया धन्यवाद

## भाजपा महिला मोर्चा ने लगाए पौधे, दिया जलदान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया के जन्मदिवस पर मोर्चा की जिला इकाई भिंड द्वारा जिले के सभी 26 मंडलों में धार्मिक स्थानों एवं स्कूल परिषदों में वृक्षारोपण कर उनकी दीर्घायु की कामना की गई साथ ही अनेक प्रकार के पौधों को भी लगाया गया द्य

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन ने कहा कि महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया का संपूर्ण जीवन महिला मोर्चा के संगठन को गति बनाने के लिए रहा आज भी हम सब मातृशक्ति का मार्गदर्शन कर संगठन के निर्माण के लिए हम




सब बहनों को संगठित कर रही हैं । उन्होंने कहा कि मैं महिला मोर्चा जिला भिंड की ओर से उनके जन्मदिन पर बधाई देती हूं साथ ही हम सब बहन उनके नेतृत्व में मोर्चा के संगठन को मजबूत बनाएंगे महिलाओं की ताकत को आगे बढ़ाएंगे द्य भाजपा ने भिंड शहर के गौरी किनारे स्थापित अहिंसा चौक मंदिर पर श्रीमती आभा जैन के नेतृत्व में सभी मातृशक्ति ने वृक्षारोपण किया और पांच-पांच पौधे लगाकर उसमें जल दान किया द्य सभी मंडलों में भी धार्मिक स्थानों एवं स्कूल परिषदों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम की प्रभावी रूप से संपन्न किया गया द्य महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी आरती बोहरे ने अटेर रोड स्थित हनुमान मंदिर पर वृक्षारोपण किया द्य

वृक्षारोपण कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीमा शर्मा जिला महामंत्री आरती पाठक , संगीता कौशल, वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा राजेश्वरी भिलवारे, रेखा अग्रवाल मधु वर्मा एवं अन्य मंडलों में मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने महिला कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया द्य

## आशा-ऊषा कार्यकर्ता प्रत्याशियों से अपनी मांगों के लिए मांगेंगी समर्थन

**भोपाल।** चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को कर्मचारियों के सवालों के भी जवाब देने होंगे। उन्हें बताना होगा कि उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाने के संबंध में कब और क्या प्रयास किए हैं।



यदि ये प्रत्याशी जवाब नहीं दे पाते हैं तो इनका विरोध तय है। दरअसल, प्रदेश में आशा, ऊषा कार्यकर्ता वेतन बढ़ाने और सुविधा देने की मांग कर रही हैं। ये दोनों मांगे लंबे समय से की जा रही है। इसको लेकर प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन किए जा चुके हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकला है। इस बात से वे नाराज हैं। मप्र आशा व आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की अध्यक्ष लक्ष्मी कौरव का कहना है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा काम आशाओं से कराया जा रहा है। महंगाई के दौर में उन्हें पूरे गांव का चक्कर लगाना पड़ता है, शिविरों में जाती हैं। प्रत्येक शासकीय योजनाओं में हाथ बंटा रही है।



## प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी ने आकांक्षी ब्लॉक का भ्रमण कर जायजा लिया

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -जिले में कोलारस और पिछोर जनपद को आकांक्षी जनपद में शामिल किया गया है और प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी को मॉनिटरिंग की निगरानी दी गई है। प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने गुरुवार को कोलारस का भ्रमण किया और अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कोलारस में कुल्हाड़ी ग्राम पंचायत में पीएम आवास देखे और ग्रामीणों से चर्चा की। ग्राम चनैनी में स्व सहायता समूह भोले बाबा समूह द्वारा संचालित गतिविधियों का जायजा लिया और समूह की महिलाओं से चर्चा की। कोलारस में पुष्कर धरोहर तालाब का भी निरीक्षण किया। कोलारस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भ्रमण कर आईटीआई में संचालित कोर्सेज और प्लेसमेंट की जानकारी ली। एनआरसी का भ्रमण किया और वहां बच्चों के इलाज की व्यवस्था देखी। चिकित्सकों से भी चर्चा की उसके बाद उन्होंने कोलारस जनपद पंचायत सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने कोलारस और पिछोर विकासखंड में विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों के बारे में अधिकारियों से पूछा और कहा कि जहां कहीं समन्वय की आवश्यकता है और अधिकारियों को कार्य में कठिनाई आ रही हैं। उन समस्याओं के बारे में बताएं। उन्होंने कोलारस और पिछोर जनपद सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी, आईटीआई प्राचार्य, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली।

## हो जाते हैं गुस्सा, चिड़चिड़ाहट और डिप्रेशन के शिकार

# स्वस्थ रहने के लिए आठ घंटे की नींद जरूर लें

**भोपाल।** स्वस्थ रहने के लिए रोजाना 08 घंटे की नींद हम सभी के लिए बेहद जरूरी है। अगर हम इससे कम नींद लेते हैं तो धीरे-धीरे हमारे शरीर में तरह-तरह की समस्याएं होने लगती हैं। अगर हम ध्यान दें तो उन समस्याओं के लक्षण आसानी से देख भी सकते हैं। एक समय था जब लोग खूब सोते थे। सुबह देर से सोकर उठते थे, दोपहर में खाना खाने के बाद थोड़ी झपकी ले लेते थे। रात को तो खैर सोना होता ही था। लेकिन जब से टेक्नोलाजी ने पैर पसारे हैं, लोगों ने न केवल दोपहर में सोना बंद कर दिया है, बल्कि रात की सबसे ज्यादा जरूरी नींद को भी त्याग दिया है। रात-रात भर मोबाइल, लैपटाप में मूवीज देखना,



वेबसीरीज देखना, चैट करना, सोशल साइट्स पर घंटों गुजारना युवाओं का नया शौक बन गया है। मोबाइल की लाइट्स लगातार आंखों में पड़ने की वजह से आंखों से नींद गायब हो जाती है। फिर आप भले ही मोबाइल अलग रखकर सोने की कोशिश करें, तो नींद नहीं आती। नींद के लिए घंटों संघर्ष करना पड़ता है।

### नींद पूरी नहीं होने से दिमाग को आराम नहीं मिल पाता

हेल्थ एक्सपर्टर्स की माने तो जब हमारी नींद पूरी नहीं होती तो दिमाग को आराम भी नहीं मिल पाता। वह लगातार काम कर रहा होता है। इसकी वजह से तनाव बढ़ता जाता है और हम सभी जानते हैं कि तनाव के साथ कोई भी काम ठीक से नहीं हो पाता। ऐसे में जब काम में गड़बड़ी होती है, वह पूरा नहीं होता तो गुस्सा, चिड़चिड़ाहट और डिप्रेशन जैसी परेशानियां शुरू हो जाती हैं।

जिस वक्त हम सोते हैं, हमारे कई अंग शरीर के विषाक्त पदार्थों को साफ करने का काम करते हैं ताकि सुबह उठने पर हम हल्का महसूस करें। नींद लेना न केवल शरीर के लिए, बल्कि स्किन के लिए भी जरूरी है। भरपूर नींद लेने से आप दिनभर फ्रेश फील करते हैं। मूड अच्छा रहता है। याद्दाश्त अच्छी रहती है।

### याददाश्त हो जाती है कमजोर

कम नींद का असर व्यक्ति की याददाश्त पर भी पड़ता है और वह आम दिनों की सामान्य बातें भी भूलने लगता है। साथ ही इसकी वजह से हमारी निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होती है। 08 घंटे की नींद पूरी न होने से मेटाबालिज्म पर असर पड़ता है। शरीर में फैट बढ़ने लगता है। इसकी वजह से दिल की कार्यप्रणाली पर बुरा असर पड़ता है और हाई बीपी, डायबिटीज व हार्ट से जुड़ी समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

### सोने से पहले यह करें

अगर आपको नींद नहीं आती तो पहले गौर करें कि कहीं आप सोने के पहले फोन या लैपटाप का इस्तेमाल तो नहीं करते? अगर ऐसा करते हैं तो इसे तुरंत बंद करें। अंधेरे में कुछ देर भी फोन या लैपटाप देखने के कारण इन डिवाइस में से निकलने वाले लाइट्स की वजह से नींद बिल्कुल गायब हो जाती है। सोने से पहले ढेर सारा पानी न पीएं। वरना बार-बार बाथरूम जाने की वजह से आपकी नींद खराब होगी ।रात को हल्का खाना खाएं, ताकि गैस न हो ।खाना जल्दी खाएं और खाने के बाद वाक करें। फिर सोएं। इस तरह सुबह भी जल्दी नींद खुलेगी। हल्का गुनगुना दूध पीकर सोएंगे तो फायदा होगा। पैरों की मालिश करें, सिर में तेल लगाएं।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा आज भरेंगी अपना नामांकन





ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम की महापौर पद की लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा कल 17 जून को अपना नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगी। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने भाजपा मीडिया सेंटर से जारी विज्ञप्ति में दी।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान, प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, अजा मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष श्री लालसिंह आर्य, प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, यशोधरा राजे सिंधिया, श्री भारत सिंह कुशवाह, वरिष्ठ नेता श्री जयभान सिंह पवैया, श्रीमती माया सिंह, श्री अनूप मिश्रा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि श्रीमती सुमन शर्मा दोपहर 12 बजे मंशापूर्ण हनुमान, रेलवे स्टेशन के पास मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चन करेंगी। उसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय रवाना होंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

### महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भेंट की

ग्वालियर 16 जून। ग्वालियर नगर निगम की महापौर पद की लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भेंट की। इससे पहले आज उन्होंने दिन की शुरूआत श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर रेल्वे स्टेशन पर पूजा अर्चना कर शुरूआत की। आज उन्होंने सांसद श्री विवेक शेजवलकर, प्रदेश सरकार के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा जी, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद अनूप मिश्रा जी, वरिष्ठ नेता श्री ध्यानेन्द्र सिंह एवं श्रीमती मायासिंह, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता वरिष्ठ नेता जयसिंह कुशवाह एवं श्रीमती खुशबू गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उनसे भेंट की।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश राजौरिया उपस्थित थे।

### परवेज फिर बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष रफत वारसी की सहमति एवं जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी के निर्देशानुसार परवेज अशरफ खान को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ग्वालियर महानगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री अशरफ खान ने अपनी नियुक्ति पर सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार माना है।

# कांग्रेस से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

### कांग्रेस से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

### पूज़ा अर्चना कर कांग्रेस कार्यालय पहुँची पार्टी के वरिष्ठ नेता साथ में रहे





ग्वालियर। नगर निगम में कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार श्रीमती डॉ. शोभा सिकरवार ने आज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुँच कर नामाकंन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला, पूर्व मंत्री श्री भगवान सिंह यादव, पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी, विधायक प्रवीण पाठक, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव श्री सुनील शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट अनुराधा सिंह, श्रीमती ममता कटारे, मल्लू खां सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले महापौर पद की उम्मीदवार श्रीमती डॉ. शोभा सिकरवार ने घर पर पूजा अर्चना की और कैलादेवी माता के दर्शन किये। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय पहुंची। कांग्रेस कार्यालय पर महात्मका गांधी की प्रतिमा, कैलाशवासी माधवराव सिंधिया एवं कामराज जी की प्रतिमा समेत अन्य महापुरूषों की प्रतिमाओं व चित्रों पर माल्यापर्ण किया। इसके साथ कांग्रेसजनों ने महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार का आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस उम्मीदवार ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आर्शीवाद लिया। कांग्रेस कार्यालय से वरिष्ठ नेताओं के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुँची, जहॉं दो सेट में नामांकन पत्र प्रस्तुत किये। प्रस्तावक एवं समर्थक के रूप में मोहन भारद्वाज, श्याम बंसल एवं अभिभाषक श्री राकेश पाराशर मौजूद रहे।

### चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

पड़ाव स्थित कुन्दन गेस्ट हाउस पर कांग्रेस पार्टी के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन दिनांक 17 जून को सांय 5 बजे होगा। आप समस्त कांग्रेसजन सादर आमंत्रित है।

### महापौर उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने वार्ड 22 व 28 में किया जन सम्पर्क

कांग्रेस पार्टी से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार ने आज प्रातः-सांय दो चरणों में वार्ड क्रमांक 22 और वार्ड क्रमांक 28 में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। आज प्रातः वार्ड क्रमांक 22 में पार्टी कार्यकर्त्ताओं के साथ विवेक नगर पुलिया मेला रोड़ से जन सम्पर्क शुरू किया। इस दौरान लोगों ने कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया। गोदाम बस्ती, विवेक नगर, नेहरू कॉलोनी, खलीफा कॉलोनी, पीएनटी कॉलोनी, वनखण्डेश्वर नगर, जीवाजी नगर, मोहन नगर, सुरेश नगर से पैट्रोल पम्प तिराहे पर समाप्त हुआ।

इसके बाद शाम को वार्ड क्रमांक 28 के 60 फुटा रोड़ से जन सम्पर्क शुरू किया गया। इसमें भीम नगर, जगजीवन नगर, गौतम नगर, आदिवासी मोहल्ला, कुम्हरपुरा, अम्बेडकर नगर, शिवाजी नगर, इन्द्रा नगर में समाप्त हुआ। इसके साथ ही डॉ. शोभा सिकरवार ने कई जगह आयोजित बैठकों में भाग लिया।

### कचरा मुक्त ग्वालियर की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है नगर निगम ग्वालियर

ग्वालियर। हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर एवं ग्वालियर बदल रहा है। इन स्लोगन को सार्थक करने के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की स्वच्छता के लिये नित नये प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों से आमजनों को अवगत कराने एवं नगर निगम ग्वालियर की कार्यप्रणाली की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिये निगम द्वारा शॉर्ट वीडियो तैयार किये गए हैं। इन वीडियो के माध्यम से आमजनों को निगम के कार्यो के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने एवं ग्वालियर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिये विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं।






## मूवी से ज्यादा मेहनत करते हैं थिएटर के कलाकार : गोविंद देवड़ा

### कैट व भाविप संस्कृति शाखा ने किया नाटक ''पुत्र यज्ञ'' के कलाकारों का सम्मान



ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर एवं भाविप संस्कृति शाखा व बीआईएमआर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में आज शाम आयोजित कार्यक्रम में नाटक ''पुत्र यज्ञ'' में अभिनय करने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीआईएमआर के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी श्री गोविन्द देवड़ा थे जबकि अध्यक्षता कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने की। भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा की अध्यक्ष डॉ. निधि गर्ग, कैट के जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, कैट के जिला संयोजक दीपक पमनानी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर नाटक के निदेशक नवकुमार बागची एवं लेखक अशोक सेंगर, नाटक में मुख्य अभिनय करने वालीं कनिका श्रीवास्तव, कनिशका गुर्जर ने नाट्य मंचन से जुड़े रोचक संसमरण सुनाए।

मुख्य अतिथि बीआईएमआर के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी श्री गोविन्द देवड़ा ने कहा कि नाटक में एक मूवी की तुलना में कलाकार ज्यादा मेहनत करता है लेकिन उसे इस परिश्रम का उचित प्रतिसाद नही मिलता है। समाज को इस ओर देखना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा कि उन्हें ढाई घंटे तक आई आई टी टी एम के सभागार में इस नाटक का अवलोकन करने का सुअवसर मिला। वे ग्वालियर अंचल की थिएटर जगत की इन नव प्रतिभाओं से बेहद प्रभावित हुए हैं।






## संक्षिप्त समाचार

#### पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022

### नगर निगमों में भेजे जायेंगे व्यय प्रेक्षक : राज्य निर्वाचन आयुक्त

#### श्री सिंह ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने कहा है कि नगरपालिका निगमों में व्यय प्रेक्षक भी भेजे जायेंगे। यह व्यवस्था पहली बार की जा रही है। इससे पहले केवल निर्वाचन प्रेक्षक ही भेजे जाते थे। वित्त एवं वाणिज्यिक कर विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी व्यय प्रेक्षक बनाये जायेंगे।

**शिकायतों का करें त्वरित निराकरण :** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाये। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के प्रकरणों में संबंधित जिलों से रिपोर्ट लें। वर्षा के कारण प्रभावित मतदान केन्द्रों के परिवर्तन की अनुमति जल्द दें। श्री सिंह ने ई.व्ही.एम, मतपेटी, मतपत्रों, की छपाई और निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह, ओएसडी श्री दुर्ग विजय सिंह, उपसचिव श्री अरूण परमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थति थे।

### अभ्यर्थियों के सार-पत्र राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में

ग्वालियर। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने बताया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच पद के अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी जानकारी के सार-पत्र राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट mplocalelection.gov.in में अपलोड किये गए हैं।

### पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाताओं की पहचान स्थापित करने दस्तावेज निर्धारित

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गयी है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि वोटर स्लिप, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिया गया मतदाता पहचान-पत्र, आधार कार्ड, भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, राशन कार्ड (सभी सफेद, नीला, पीला एवं गुलाबी), बैंक/किसान/डाकघर पासबुक, शस्त्र लाइसेंस, सम्पत्ति दस्तावेज़ जैसे पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि, विकलांगता प्रमाण-पत्र, निराश्रित प्रमाण-पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान-पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आयकर पहचान-पत्र (पी.एन.एन. कार्ड), राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी आद्यौगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले सेवा पहचान-पत्र, छात्र पहचान-पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी अ.जा./अ.ज.जा./ अन्य पिछड़ा वर्ग/अधिवासी प्रमाण-पत्र, पेंशन दस्तावेज़ जैसे - भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक/पेंशन अदायगी आदेश/भूतपूर्व सैनिक, विधवा/आश्रित प्रमाण-पत्र, रेलवे पहचान-पत्र, स्वतंत्रता सेनानी पहचान-पत्र और रोजगार गांरटी योजना में जारी फोटोयुक्त जॉबकार्ड। इस सूची में दर्शाए गए अभिलेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा, जिससे वह मतदाता की पहचान के संबंध में संतुष्ट हो सके। यह स्पष्ट किया गया है कि ऊपर दर्शाए गए कोई दस्तावेज, जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध होता है, उससे परिवार के अन्य सदस्यों की पहचान के लिए अनुमति दी जायेगी। इसी प्रकार से परिवार के किसी दूसरे सदस्य के नाम से कोई दस्तावेज अन्य सदस्यों की पहचान के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है, बशर्ते ऐसे दस्तावेज़ के आधार पर दूसरे सदस्यों की पहचान की जा सकती हो। यदि कोई मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, ग्राम पटेल, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, आँगनवाड़ी सहायिका इत्यादि कर्मियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित कराने के बाद, उसे मतदान की सुविधा दे सकेगा।

### महापौर और पार्षद पद के अभ्यर्थियों को करना होगा लेखा संधारण

ग्वालियर। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि महापौर और पार्षद पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्दिष्ट होने के दिनांक से मतगणना दिवस तक के खर्च का व्यय लेखा संधारण किया जाना है। इस संबंध में मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है। निर्वाचन व्यय लेखा के संधारण के लिए विनिर्दिष्ट निर्वाचन व्यय पंजियाँ अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन-पत्र के साथ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश हैं। निर्वाचन व्यय लेखा पंजी यदि किसी जिले में उपलब्ध नहीं है, तो आयोग से मांग-पत्र भेज कर प्राप्त की जा सकती हैं। निर्वाचन व्यय लेखा के लिए बैंक खाता पृथक से संधारित किया जाए। इस प्रक्रिया में यदि कोई कठिनाई हो रही है, तो आयोग को जिला निर्वाचन अधिकारी स्पष्ट प्रस्ताव भेजें। आयोग द्वारा जिले से प्राप्त प्रस्ताव के परीक्षण के बाद मार्गदर्शन दिया जाएगा। निर्वाचन व्यय लेखा संधारण के साथ ही छाया प्रेक्षण पंजी (Shadow Observation Register) का संधारण भी किया जाना है।

### मतदान के दिन संबंधित क्षेत्र में रहेगा अवकाश

ग्वालियर। राज्य शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2022 में मतदान दिवस में जिले के संबंधित क्षेत्र में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 25 जून, एक जुलाई और 8 जुलाई को मतदान होगा।

### स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही करने पर निगम कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई

**ग्वालियर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा किए जा रहे स्वच्छता एवं स्वच्छता जागरूकता कार्य में लापरवाही करने वाले निगम कर्मचारियों के खिलाफ निगमायुक्त श्री कन्याल ने क?ी कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम क्षेत्र में अभी गार्बेज फ्री सिटी एवं वाटर प्लस के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है तथा सभी निगम अधिकारी एवं कर्मचारी तत्परता से अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्य में लापरवाही बरतने पर निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा श्री रूप किशोर पुत्र रोशन नियमित सफाई संरक्षक एवं प्रभारी डब्ल्यूएचओ वार्ड क्रमांक 7 को निलंबित किया गया। श्री अजय करोसिया, विनोद सफाई संरक्षक वार्ड क्रमांक 7 को सेवा से पृथक करने का नोटिस जारी किया गया। श्री प्रशांत देवीदास प्रभारी डब्ल्यूएचओ वार्ड क्रमांक 59 एवं प्रभारी एसआई क्षेत्र क्रमांक 13 को निलंबित किया गया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478